26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : बुधवार, 16 सितम्बर, 2026

अंक- 323 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

## उत्तर प्रदेश पंचायत सहायकों के लिए बड़ा एलान

# छह की जगह नौ हजार होगा मानदेय


**लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )।** यूपी के पंचायती राज मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने एलान किया है कि पंचायत सचिवों का मानदेय छह हजार से बढ़ाकर नौ हजार रुपये किया जाएगा। ये पैसा अब सीधे पंचायत सहायकों के खाते में जाएगा। मंत्री राजभर मीडिया को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज सुबह ही उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से इस पर चर्चा की है। उन्होंने कहा कि धरने पर बैठे पंचायत सहायकों की मांगें जायज हैं। उन्होंने घोषणा की कि अब पंचायत सहायकों को प्रधान और सचिव नहीं हटा सकेंगे। उन्हें डीएम के नेतृत्व में गठित कमेटी की जांच के बाद ही हटाया जाएगा। कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय निषाद के बयान पर राजभर ने कहा कि वो जितनी सीटें हारेंगे उतनी राजभर एनडीए को जिता देगा। उन्होंने कहा कि चुनाव आने वाले हैं तो हर नेता अपने दांव आजमा रहा है। बता दें कि संजय निषाद ने कहा कि निषाद पार्टी के कारण भाजपा ने कई सीटों पर जीत दर्ज की थी।

# मेरठ में शास्त्रीनगर सेंट्रल मार्केट पर फिर बुलडोजर एक्शन

### भारी पुलिस फोर्स तैनात



**मेरठ ( एजेंसी/चिंगारी )।** मेरठ के थाना नौचंदी क्षेत्र स्थित शास्त्रीनगर सेंट्रल मार्केट में बुधवार सुबह अवैध निर्माणों के खिलाफ एक बार फिर बुलडोजर एक्शन हुआ। आवास एवं विकास परिषद की टीम पुलिस-प्रशासन के साथ मौके पर पहुंची है। सेंट्रल मार्केट से लेकर सेक्टर-6 तक इलाके की घेराबंदी कर बैरिकेडिंग की गई है और भारी पुलिस बल के साथ पीएसी भी तैनात है। ये कार्रवाई सुप्रीम कोर्ट के 14 जुलाई के आदेश के अनुपालन में की जा रही है। कोर्ट ने पूरी तरह व्यावसायिक गतिविधियों वाले 44 चिन्हित और सील किए गए परिसरों के खिलाफ ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के निर्देश दिए थे। संबंधित भवन मालिकों को अवैध निर्माण खुद हटाने के लिए 15 दिन का समय दिया गया था। तय समय में निर्माण नहीं हटाने वाले परिसरों पर अब परिषद की ओर से कार्रवाई की जा रही है। आज सुबह सेंट्रल मार्केट के कई रास्तों पर आवाजाही रोककर पुलिस ने सुरक्षा घेरा बनाया। जानकारी के मुताबिक, पांच चिन्हित निर्माणों में से तीन को ध्वस्त किया जा चुका है, जबकि दो अन्य पर कार्रवाई जारी है। कार्रवाई के बीच सेंट्रल मार्केट और आसपास के लोगों तथा व्यापारियों में हलचल बढ़ गई है। कार्रवाई का विरोध करने के लिए लोग मौके पर जुट रहे हैं। पुलिस और एलआईयू भी स्थिति पर नजर बनाए हुए है। इससे पहले भी कार्रवाई को लेकर क्षेत्र में विरोध और धरना-प्रदर्शन होता रहा है।




बिना आप्रेशन/बिना चीड़-फाड़

बवासीर PILES | भगन्दर FISTULA | फिशर FISSURE



नोएडा-गुरुग्राम के प्रख्यात गुदा रोग विशेषज्ञ

डॉ. सुधांशु चौधरी

MS (Anorectal Surgeon)

अब

सप्ताह में दो दिन बिजनौर में

बृहस्पतिवार -बिजनौर

शुक्रवार - बास्टा



न शर्मायें, न छिपायें न करें घरेलू उपचार न जायें नीम हकीमों के द्वार मात्र 10 दिनों में पायें स्थायी समाधान

बिना भर्ती, शीघ्र रिकवरी के साथ इस तकनीक द्वारा यह रोग भविष्य में कभी नहीं होते।

किसी भी शंका के समाधान के लिये तुरन्त कॉल करें-

Mob.7302127966, 9411226422, 9871884104

SUSHRUTA COLORECTAL CENTRE

सुश्रुत कोलोरेक्टल सेंटर

पता - निकट मित्तल पेट्रोल पम्प, बैराज रोड, बिजनौर


पता - श्री साईं अस्पताल बस स्टैण्ड चौराहा बास्टा तह.-चान्दपुर, जिला-बिजनौर

Nigc NAJIBABAD

We thankfully acknowledge

the receipt of approval of affiliation of

NIIT COLLEGE OF PHARMACY for B. PHARMA from AKTU Dr. A.P.J. Abdul Kalam Technical University Uttar Pradesh & Gvt of Uttar Pradesh




Hurry up ... Last 3 days of admission in B Pharma (4 year degree course)

# संविधान रक्षा के वादे के साथ किरतपुर में आज़ाद समाज पार्टी की हुंकार!

## शीतल आज़ाद बोलीं- भाजपा को बेदखल करने के लिए दलित-मुस्लिम एकजुटता जरूरी

**किरतपुर ( चिंगारी )। किरतपुर कस्बे में आजाद समाज पार्टी ( कांशीराम ) की एक बैठक आयोजित कर क्षेत्र की जनता ने सामाजिक न्याय, शिक्षा, रोजगार, विकास और जनहित के ज्वलंत मुद्दों पर गहन विचार-विमर्श किया गया।**

बैठक को संबोधित करते हुए नगीना विधानसभा क्षेत्र से सम्भावित प्रत्याशी शीतल कुमारी ने कहा कि जनता की आवाज़ को मजबूती से उठाना और हर वर्ग के सम्मान व अधिकार के लिए संघर्ष करना ही उनकी पहली प्राथमिकता है। उन्होंने देश की वर्तमान राजनीतिक स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए संविधान की रक्षा पर विशेष बल दिया। शीतल आजाद ने कहा, आज संविधान को बचाना ही सबसे बड़ी चुनौती है। संविधान बचेगा तभी देश, धर्म और हमारे धार्मिक संस्थान सुरक्षित रह सकेंगे।



आगामी विधानसभा चुनावों का उल्लेख करते हुए उन्होंने जनता को आगाह किया कि चुनाव करीब आते ही सर्वे के नाम पर भ्रम फैलाने वाली शक्तियां सक्रिय हो गई हैं। इन ताकतों का मुख्य उद्देश्य भोले-भाले मतदाताओं को धोखा देकर बहकाना और सांप्रदायिक शक्तियों को मजबूत करना है। उन्होंने जोर देकर कहा कि भाजपा जैसी सांप्रदायिक ताकतों को सत्ता से बेदखल करने के लिए दलित और मुस्लिम समाज का एक साथ आना वक्त की सबसे सुरक्षित और सशक्त राजनीति है।

क्षेत्रीय विकास की योजनाओं को रेखांकित करते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि नगीना विधानसभा का सर्वांगीण विकास आजाद समाज पार्टी की प्राथमिकताओं में सबसे ऊपर है। आजाद समाज पार्टी के निर्देशन में जनता का आशीर्वाद मिलने पर नगीना-किरतपुर मार्ग का चौड़ीकरण कराकर इसे भव्य नीम कॉरिडोर में परिवर्तित किया जाएगा। इससे क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ यातायात व्यवस्था में भी बड़ा सुधार होगा।

## नॉर्थ इंडिया में हिन्दी दिवस के अवसर पर निबंध प्रतियोगिता

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** नॉर्थ इंडिया ग्रुप ऑफ कॉलेजेज नजीबाबाद के नॉर्थ इंडिया कॉलेज ऑफ हायर एजुकेशन के बीए विभाग द्वारा हिंदी दिवस के अवसर पर हिंदी निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। राज भाषा हिंदी के प्रति विद्यार्थियों की जागरूकता बढ़ने हेतु इस आयोजन में अनेक शिक्षकों व छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्ण बढ़-चढ़ कर भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के कार्यकारी निदेशक अभिनव अग्रवाल, कॉलेज प्राचार्या डॉ. नीलावती, वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ. नवनीत राजपूत व बीए विभागाध्यक्ष डॉ. जसवन्त सिंह आदि ने शुभकामनाओं के साथ किया। निबंध प्रतियोगिता कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं निर्णायक के रूप में डॉ. नीलावती, डॉ. नवनीत राजपूत व डॉ. रामकिशोर सिंह ने पहुंचकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। उन्होंने विद्यार्थियों को निरन्तर हिंदी से जुड़े रहने की प्रेरणा दी। हिन्दी निबंध प्रतियोगिता में बीए की छात्रा अलीशा ने प्रथम, बीएससी की छात्रा अनन्या विश्नोई ने द्वितीय व बीएससी की छात्रा अंशिक ने तृतीय स्थान हासिल किया। इस अवसर पर आयोजित विचार गोष्ठी में अनेक विद्यार्थियों व प्राध्यापक/प्राध्यापिकाओं ने भी हिंदी के प्रचार प्रसार हेतु प्रेरणादायी विचार साझा किए। हिन्दी प्राध्यापक व कार्यक्रम संयोजक डॉ. जसवन्त सिंह ने हिंदी दिवस मनाए जाने की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि से विद्यार्थियों को अवगत कराया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. चंचल कुमार, प्रदीप कुमार, शादमा परवीन, दीक्षा सारस्वत, श्रीमती मनीषा, अमन कुमार शर्मा, श्रीमती ज्योति तेजवान व विष्णु दत्त शर्मा आदि प्राध्यापक/प्राध्यापिकाओं का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## सिद्धि विनायक मंदिर में श्री गणेश की पूजा-अर्चना व आरती जारी

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** नगर के मौहल्ला दरबाराशाह स्थित श्री सिद्धि विनायक मंदिर में श्री गणेश चौथ महोत्सव समिति की ओर से श्री गणेश की सुबह शाम पूजन व आरती जारी है। प्रात: काल की आरती के मुख्य यजमान प्रदीप अग्रवाल खाद वाले नजीबाबाद द्वारा पूरी विधि-विधान से पूजा अर्चना की गई। इस अवसर पर समिति से विवेक अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, रविन्द्र चौहान, विनय कौशिक, डॉ राहुल वर्मा, यश अग्रवाल, राकेश गोयल, पंकज अग्रवाल, अरुण पाटिल, प्रदीप अग्रवाल, रेनू अग्रवाल, रवि किरन अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, शिवम अग्रवाल, सार्थक अग्रवाल, रिया अग्रवाल, समिति के संरक्षक चौधरी कुलवीर सिंह, अवनीश अग्रवाल (टांडे वाले), विवेक अग्रवाल, अध्यक्ष राजीव अग्रवाल (राजू), उपाध्यक्ष लोकेश कुमार गोयल, संदीप तायल, रचित अग्रवाल, राजन टंडन गोल्डी, मंत्री रविन्द्र कुमार चौहान, उपमंत्री आलोक अग्रवाल, राहुल वर्मा, प्रबन्धक डॉ. राजीव अरोड़ा, डॉ. राहुल वर्मा, कोषाध्यक्ष विनय कुमार कौशिक, निरीक्षक पंकज अग्रवाल, भंडारी दीपक भारद्वाज, कानूनी सलाहकार शैलेंद्र चौधरी (एड.), पंकज अग्रवाल (एड.), प्रचार मंत्री डॉ. एसके जौहर, कैबिनेट सदस्यगण राजेश भारद्वाज, एसपी मित्तल, अरुण पाटिल, राजीव गुप्ता, नीतीश सिंघल, नवनीत वर्मा, अभिषेक कौशिक, अमित पाटिल, राजेश तागरा, पंडित जितेंद्र डबराल, पंडित संजय डबराल, पंडित सुशील शर्मा, सेवादार भोलानाथ आदि उपस्थित रहे।



## कुंवर सत्यवीरा डिग्री कॉलेज में मनाया गया हिंदी दिवस



**बिजनौर ( चिंगारी )।** कुंवर सत्यवीरा डिग्री कॉलेज, बिजनौर में हिंदी दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन उत्साह एवं गरिमापूर्ण वातावरण में किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने हिंदी दिवस से संबंधित विभिन्न प्रकार के आकर्षक एवं ज्ञानवर्धक पोस्टर, भाषण एवं कविताओं के माध्यम से हिंदी भाषा का सम्मान एवं उपयोगिता को दर्शाया गया। कार्यक्रम में शिक्षकगण ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. महेंद्र सिंह कौरव ने कहा कि हिंदी हमारी संस्कृति, परंपरा और भावनाओं को जोड़ने वाली सशक्त भाषा है। पोस्टर प्रतियोगिता में निधि बी.एससी प्रथम वर्ष प्रथम स्थान, महिमा बी. कॉम ऑनर्स प्रथम वर्ष द्वितीय स्थान एवं रेहान बी.एससी ऑनर्स प्रथम वर्ष तृतीय स्थान प्राप्त किया एवं भाषण प्रतियोगिता में सना बी.एससी प्रथम वर्ष की छात्रा प्रथम स्थान, प्रीति बीएससी प्रथम वर्ष द्वितीय स्थान एवं पूजा बीए प्रथम वर्ष तृतीय रही। कविता प्रतियोगिता में इल्मा बीए प्रथम वर्ष की छात्रा ने अच्छा प्रदर्शन किया।





अब धामपुर में भी इलेक्ट्रिक स्कूटर का शोरूम खुल गया है

पता- इंदिरा नगर कॉलोनी निकट आयुष्मान हॉस्पिटल, धामपुर 246761

मो. 8192801901

बिजनौर/धामपुर में एथर शोरूम के लिये आवश्यकता है- शोरूम मैनेजर, सेल्स एक्सयूटिव एवं मैकेनिक की। मो. 819280190

**Dhruvika Motors**

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 9240083911

# सलवार में छिपा है दम्पति की मौत का राज

## बेटी ने कहा- मेरे माता-पिता की हत्या हुई, पुलिस कर रही जांच

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जलालपुर में दलित दम्पति की मौत की गुत्थी अभी नहीं सुलझी है।




हालांकि डीआईजी मुनिराज ने कल कहा था कि पति देशराज उर्फ छोटे की मौत प्रथम दृष्टया आत्महत्या करना प्रतीत होता है। दूसरी ओर, घटनास्थल पर मिले तमाम सबूत और परिस्थितियां चीख-चीखकर कह रही हैं कि दम्पति की निर्मम हत्या की गई है। मृतक दम्पति की बेटी ने भी हत्या का आरोप लगाया है।

गांव निवासी देशराज उर्फ छोटे



का शव जंगल में पेड़ से लटका मिला था। जबकि उसकी पत्नी सुषमा का अर्धनग्न शव गंगा के किनारे पानी में मिला। मृतका की चोटी गंगा में गिरे पड़े पेड़ से बंधी हुई थी। घटनास्थल पर खून के धब्बे, दम्पति की चप्पलें और टूटे हुए डंडे भी पड़े मिले। देशराज के शरीर पर पत्नी सुषमा की सलवार पहनी हुई थी। देशराज का शव मोटर साइकिल के क्लिच के तार से पेड़ पर लटका हुआ था।

कल देर शाम पुलिस लाइन में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में डीआईजी मुनिराज और एसपी के.के. विश्नोई ने बताया कि दम्पति के शवों का पोस्टमार्टम चिकित्सकों के पैनल द्वारा कराया गया, जिसकी वीडियोग्राफी भी कराई गई है। डीआईजी ने बताया कि सुषमा की मौत गला दबाने से हुई। सेक्सुअल हेरसमेंट नहीं मिला है। डीआईजी ने कहा कि पुलिस जांच कर रही है, जल्द ही पूरी सच्चाई सामने आ जायेगी।

### देशराज के कपड़े कहां गये, उसने पत्नी की सलवार क्यों पहनी थी?

40 वर्षीय देशराज उर्फ छोटे की जलालपुर खादर क्षेत्र में जमीन है, जिसमें उसने पेड़ लगा रखे हैं। इन दिनों पेड़ों के पत्ते गिरने के कारण देशराज व उसकी पत्नी सुषमा वहां सफाई करने गये थे। देर शाम तक जब घर नहीं लौटे तो परिजनों को चिंता हुई। उन्होंने ग्रामीणों के साथ मिलकर काफी तलाश किया, लेकिन रात तक दोनों का पता नहीं चला। कल सुबह गंगा किनारे सुषमा का शव बरामद हुआ। उसकी चोटी में पानी में गिरे पेड़ से बंधी हुई थी। शरीर पर सलवार नहीं थी। पति देशराज का शव लगभग दो किलोमीटर दूर जंगल में एक आम के पेड़ से लटका मिला। सुषमा की सलवार देशराज के शरीर पर थी, जबकि शर्ट या कुर्ता नहीं था। ऐसे में सवाल उठता है कि देशराज के कपड़े कहां गये और उसने पत्नी की सलवार क्यों पहनी? परिस्थितियां व सबूत किसी गंभीर साजिश की तरफ इशारा कर रहे हैं।

### गुलदार के उठा ले जाने की अफवाह फैली थी

**देशराज व सुषमा के शाम तक घर न पहुंचने पर ग्रामीणों ने कयास लगाया कि उन्हें गुलदार उठा ले गया है। वन विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने चार किलोमीटर के दायरे में सर्च अभियान चलाया। कल सुबह दम्पति के शव बरामद होने पर गुलदार की कहानी गलत साबित हुई। दरअसल, सोमवार की शाम को ग्रामीणों ने वन विभाग के अधिकारियों को बताया कि था देशराज व उसकी पत्नी सुषमा को गुलदार उठा ले गये हैं। वन विभाग की टीम ने ड्रोन की मदद से दोनों की तलाश की थी।**

## पालिका अध्यक्ष इन्दिरा सिंह की माता जी का निधन

**बिजनौर ( चिंगारी )। नगरपालिका परिषद बिजनौर की अध्यक्ष श्रीमती इन्दिरा सिंह की पूज्य माताजी श्रीमती श्यामवती देवी का आज 91 वर्ष की आयु में निधन हो गया। पूर्व एमएलसी स्व. बाबू जयसिंह की धर्मपत्नी श्रीमती श्यामवती देवी पिछले 15 दिनों से अपनी बेटी इन्दिरा सिंह के पास बिजनौर में उनके आवास पर थीं। आज पूर्वान्ह उन्होंने अंतिम सांस ली। श्रीमती श्यामवती देवी के पार्थिव शरीर को उनके गांव पट्टी ले जाया गया है। उनका अंतिम संस्कार आज अपराह्न में बिजनौर में गंगा बैराज पर किया जायेगा। श्रीमती श्यामवती देवी अपने पीछे पुत्र अमित कुमार तथा श्रीमती इंदिरा सिंह सहित पांच पुत्रियां व भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं। उनके निधन का समाचार मिलते ही बड़ी संख्या में लोग श्रद्धांजलि अर्पित करने श्रीमती इन्दिरा सिंह व डा. बीरबल सिंह के आवास पर पहुंचे। चिंगारी परिवार की ओर से श्रीमती श्यामवती देवी को हार्दिक श्रद्धांजलि एवं शोक संतप्त परिवार के प्रति हार्दिक संवेदनाएं।**



कविता मोटर्स
हीरो मोटो कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, श्री हॉस्पिटल के सामने बिजनौर
मो. 9289922765, 9457937407

**भली लगे या बुरी ...**

## खतरे में है भारत की बोलियों का अस्तित्व

भारत का अस्तित्व संस्कृतियों की विविधता से जुड़ा है और विविधता में एकता को समर्पित भारतीयता को गौरवान्वित करता रहा है। कई राज्यों का अस्तित्व आज भाषा के आधार पर ही है, फिर भी विरोधाभासों की कमी नहीं हैं। कभी उर्दू को हिन्दी की 'छोटी बहिन' कहा गया और अलग लिपि के बावजूद उसके पृथक अस्तित्व को नकारा गया और कभी बोलियों को ही पृथक भाषा मानने पर बल दिया गया। हाल में वर्षों में भोजपुरी को अलग भाषा के रूप में मान्यता दिलाने के प्रयास काफी तेज हुए हैं। भोजपुरी भाषा पूर्वी उत्तर प्रदेश/बिहार आदि में हिन्दी की एक समृद्ध बोली है -अवधी, बुंदेलखण्डी आदि की तरह। इनकी भी कई उपबोलियां हैं। शायद इसी के चलते कभी कहा गया था- 'चार कोस पर पानी बदले, आठ कोस पर बानी।' इसके बावजूद भोजपुरी की देखा-देखी कुछ क्षेत्रों में अवधी को भी अलग भाषा का दर्जा दिलाने की कोशिशें हुईं, पर जल्दी ही वे अधिसंख्य अवधी समर्थकों के बीच जगह न बना पाने के कारण खामोश भी हो गयीं।

भोजपुरी का पृथक भाषा आंदोलन अभी भी जारी है। शायद इस आंदोलन में इसके अधिक व्यापक सरोकार प्रमुख हों, मसलन देश-विदेश के विभिन्न क्षेत्रों में भोजपुरी बोलने वालों की प्रचुरता और संसाधनों के भरपूर स्रोत, फिर भी भोजपुरी आज भी है हिन्दी की एक प्रमुख बोली ही। यदि कुछ पल के लिए 'प्रथक भाषा' मान भी लिया जाये, तो अलग लिपि के अभाव और खुद भोजपुरी की ही कई उपबोलियों को किस तरह देखा जायेगा? बोली के रूप में ही भोजपुरी का सौंदर्य पूरी तरह निखरता है। यह दुखद है कि एक ओर जहां हिन्दी के साथ अनेक प्रयोग हो रहे हैं, उसका विभिन्न रूपों में विस्तार हो रहा है, वहीं उसकी विभिन्न बोलियां बोलने वाले लगातार घट रहे हैं। यूनेस्को कई बरस पहले से ही कह रहा है कि पिछले छह दशकों में भारत की 250 से अधिक भाषाएं विलुप्त हो चुकी हैं और 197 भाषाएं व बोलियां लुप्त होने के कगार पर हैं। तकनीक के भरोसे आगे बढ़ने के समय में पूरी दुनिया में भाषाओं-बोलियों का यही हाल है। भाषाओं पर काम करने वाले 'एथनोलॉग' के ताजा आंकड़े बताते हैं कि दुनिया की सात हजार में से 44 प्रतिशत भाषाएं और बोलियां अपना अस्तित्व बचाने के लिए जूझ रही हैं।

# सोशल मीडिया पर छाया अस्सी का खुमार

सोशल मीडिया की दुनिया में आयेदिन कोई न कोई नया ट्रेंड आता है और चला जाता है। लेकिन इन दिनों इंटरनेट पर एक ऐसा ट्रेंड छाया हुआ है, जिसने हर किसी को पुरानी यादों की गलियों में घुमा दिया है। बात हो रही है 1980 के दशक वाले एआई जनरेटेड फोटो ट्रेंड की, जिसने आम लोगों से लेकर राजनीति, बॉलीवुड और क्रिकेट जगत के दिग्गजों तक को अपना दीवाना बना रखा है।

आजकल हर इंसान अपनी तस्वीर को चैटजीपीटी या एआई टूल्स में डालकर बस एक ही कमांड दे रहा है-मुझे 80 के दशक में दिखाओ। फिर क्या! एआई आपकी उस सीधी-सादी फोटो को एक झटके में 40 साल पीछे ढकेल देता है। बड़े-बड़े फूले हुए बाल, आंखों पर बड़ा सा एविएटर चश्मा, कंधे पर भारी-भरकम डेनिम जैकेट और पुरानी रीलों वाली हल्की पीली-सी टोन। यह ट्रेंड इतना रियलिस्टिक लगता है कि देखने वाला एक पल के लिए धोखा खा जाए कि यह आज की फोटो है या किसी पुरानी फिल्म का पोस्टर!




इस ट्रेंड की सबसे दिलचस्प बात यह है कि इसने उम्र की सारी सीमाएं तोड़ दी हैं। एक तरफ जहां केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया इस ट्रेंड को फॉलो कर रहे हैं, तो उनके बेटे महाआर्यमन सिंधिया भी अपनी रेट्रो फोटो से स्वैग दिखा रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ 70 साल के रिटायर्ड शिक्षक भी पीछे नहीं हैं। 1981 में शादी करने वाले वो बुजुर्ग आज एआई के जरिए अपनी शादी के दिनों का वही पुराना लुक दोबारा देखकर मुस्कुरा रहे हैं।

यह ट्रेंड राजनीति के गलियारों में भी जमकर धूम मचा रहा है। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, शिवराज सिंह चौहान, किरेन रिजिजू, हिमंता बिस्वा सरमा, अनुराग ठाकुर, चिराग पासवान और रामदास अठावले ने अपने 80 के लुक से सुर्खियां बटोरीं। हालांकि इस ट्रेंड पर शशि थरूर और किरण खेर ने अपनी 80 के दशक की असली तस्वीरों से अलग तड़का लगा दिया।

बॉलीवुड में सिद्धार्थ मल्होत्रा-कियारा आडवाणी की डबल डेनिम वाली जोड़ी, परिणीति चोपड़ा-राघव चड्ढा, अनीता हसनंदानी, श्रुति हासन और अमीषा पटेल भी इस दौड़ में शामिल रहे, तो पूर्व क्रिकेटर इरफान पठान ने लिखा-ट्रेंड रुकनी नहीं चाहिए। स्टार स्पोर्ट्स ने विराट कोहली और केएल राहुल के रेट्रो लुक शेयर किए।

सोशल मीडिया पर ये उस दौर की वापसी है जब फोटो खिंचवाने के लिए नई शर्ट खरीदी जाती थी, जब कैमरे के सामने मुस्कान जरा ठहर कर आती थी। एआई ने आज की तेज रफ्तार जिंदगी में उसी ठहराव को वापस ला दिया है। इसीलिए 70 साल के मास्टर जी हों या 30 साल के महाआर्यमन, सबको यह पुराना जमाना अपना लग रहा है। एक कमांड पर 40 साल पीछे ले जाने वाला यह ट्रेंड बता रहा है कि फैशन बदल जाता है, टेक्नोलॉजी बदल जाती है, पर पुरानी यादों का खुमार कभी पुराना नहीं होता। (विभूति फीचर्स)

**-चारु सक्सेना**

# नफ़रत फैलाने पर सजा क्यों नहीं?



**-डॉ. सुधाकर आशावादी**



विगत कुछ समय से सोशल मीडिया सस्ती लोकप्रियता पाने का ऐसा जरिया बन चुका है, जिस पर राष्ट्र-विरोधी, सनातन-विरोधी तथा जातीय विद्वेष उत्पन्न करके समाज में ज़हर घोलने का कार्य किया जा रहा है। यह ज़हर अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर घोला जा रहा है।

ज़हर घोलने में किशोरावस्था में कदम रखने वाली कुछ ऐसी युवतियां बढ़-चढ़कर अराजकता फैला रही हैं, जिन्हें न भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों और सनातन परंपराओं से सरोकार है और न ही जिनकी कोई सम्मानजनक पारिवारिक पृष्ठभूमि है। केवल लड़की होना ही उनके लिए बड़ी बात है। यदि उनकी किसी अभद्र भाषा का विरोध किया जाता है तो वे विक्टिम कार्ड खेलने में तनिक भी देर नहीं लगातीं। ऐसे में राजनीति से नकारे गए तत्व और जातीय संकीर्णता से ग्रस्त तत्व बिना सत्य को समझे उनके समर्थन में खड़े हो जाते हैं। बहरहाल, देश ऐसे मोड़ पर खड़ा है, जहां मानसिक गंदगी का सुनियोजित ढंग से विस्तार किया जा रहा है। आम आदमी को बरगलाकर कभी जंतर-मंतर पर समाज और राष्ट्र-विरोधी विघटनकारी प्रदर्शन किए जा रहे हैं, तो कभी देश में कहीं भी कुछ जातीय तत्व अपना राजनीतिक और आर्थिक स्वार्थ पूरा करने के उद्देश्य से समाज में जातीय खाई चौड़ी करने पर आमादा रहते हैं।

हद तो तब हो जाती है जब भारतीय सनातन परंपरा के विरुद्ध विषवमन करने वाले तत्वों को देश का नेता प्रतिपक्ष पूर्ण समर्थन देता है तथा कानूनी प्रक्रिया पर दबाव बनाकर समाज में वैमनस्यता फैलाने वाले तत्वों के समर्थन में खड़ा हो जाता है। विचारणीय बिंदु यह है कि क्या सोशल मीडिया पर देश के प्रधानमंत्री के विरुद्ध अभद्र भाषा का प्रयोग करने की किसी को आजादी है? क्या सनातन परंपरा के आराध्य देवी-देवताओं के विरुद्ध आपत्तिजनक वीडियो बनाने वाले तत्वों के विरुद्ध कार्रवाई का कोई कानूनी प्रावधान नहीं है? क्या सड़कों पर जनभावना के प्रतिकूल आचरण करना अभिव्यक्ति की आजादी के अंतर्गत माना जा सकता है? क्या कानून एक गालीबाज को जातीय आधार पर संरक्षण देकर किसी दूसरे व्यक्ति की अभिव्यक्ति की आजादी को नकार सकता है? यदि नहीं, तो एक ही झगड़े में दोनों पक्षों के प्रति दोहरा मापदंड अपनाने का औचित्य क्या है?

एक सवाल और भी है कि क्या देश में किसी भी व्यस्क या अव्यस्क व्यक्ति को अभिव्यक्ति के नाम पर सार्वजनिक मंचों और सोशल मीडिया पर नफ़रत फैलाने की छूट दी जा सकती है? यदि नहीं, तो ऐसे तत्वों की धरपकड़ कर उन्हें कठोर दंड देने में विलंब क्यों किया जा रहा है? (विनायक फीचर्स)

# धामपुर शुगर मिल में किया गया गणेश महोत्सव का आयोजन


गणेश पूजन करते हुए मिल अधिकारी।

**धामपुर ( चिंगारी )।** श्री गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर धामपुर शुगर मिल स्थित श्री विश्वकर्मा मंदिर (मिल हाउस) में गणेश महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मिल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष आशीष कुमार शर्मा, इंजीनियरिंग हेड अभय शर्मा से सुनील शास्त्री द्वारा श्री गणेश जी का पूजन-अर्चन कराया गया।

पूजन के उपरांत मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें मिल के सभी श्रमिकों, कर्मचारियों एवं अधिकारियों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर श्री विश्वकर्मा कमेटी के सदस्यों शिखर चंद, वीरेन्द्र यादव, धर्मेंद्र सिंह, बलराज, प्रदीप सिंह, विनोद शर्मा आदि का विशेष योगदान रहा। भंडारे की व्यवस्था संजय टंडन, तेजपाल सिंह एवं वीरेंद्र सुपरवाइजर आदि द्वारा की गई।

इस अवसर पर धामपुर शुगर मिल के सहायक उपाध्यक्ष, संजीव कुमार, आलोक मित्तल, विकास अग्रवाल, सुनील राणा, सत्यवीर सिंह, लव कुश चौहान, विवेक सिंह यादव, योगेंद्र सिंह, लायक राम, अरुण चौहान, हिमांशु शर्मा, हारुन खान, शोभित सक्सेना, सुरेश सिंह, विजय कुमार गुप्ता, शरद गहलौत, स्मृति यादव, लविश कुमार, रणजीत सिंह आदि उपस्थित रहे।

## एक माह तक सेवा संकल्प अभियान चलायेगी नगर पालिका

**धामपुर ( चिंगारी )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों के निरंतर सेवा काल की जनकल्याणकारी उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने और प्रत्येक नागरिक को विकसित भारत 2047 के सामूहिक राष्ट्रीय संकल्प से जोड़ने के उद्देश्य से 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 के मध्य सेवा संकल्प अभियान आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के अंतर्गत नगर पालिका परिषद धामपुर के अध्यक्ष रवि कुमार सिंह, अधिशासी अधिकारी रवि शंकर शुक्ला की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सभी सभासद एवं पालिका के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के द्वारा प्रतिभाग किया गया। बैठक में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक पालिका द्वारा चलाए जाने वाले कार्यक्रम से अवगत कराया गया।

सेवा संकल्प अभियान में सर्वप्रथम 17 सितंबर गुरुवार को प्रधानमंत्री के जन्मदिवस के शुभ अवसर पर पालिका कार्यालय, नगर क्षेत्र धामपुर में समस्त शहीदों की प्रतिमाओं व प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना एवं पीएम स्वनिधि योजना के पात्र लाभार्थियों के आवास ओर प्रतिष्ठानों आदि पर पालिका द्वारा दीप प्रज्वलित किया जाएगा। नगर पालिका अध्यक्ष रवि कुमार सिंह ने धामपुर की जनता से आवाहन किया है कि वह 17 सितंबर की शाम को अपने-अपने घरों पर अधिक से अधिक संख्या में दीप प्रज्वलित करें।

## जरूरतमंदों को सहायता पहुंचाने के लिए जे.के. लॉ कॉलेज में विधिक सहायता क्लिनिक स्थापित



शिविर में मौजूद छात्राएं।

**धामपुर ( चिंगारी )।** जे.के. मॉडर्न लॉ कॉलेज, में विद्यार्थियों को विधिक शिक्षा के साथ-साथ समाज के जरूरतमंद एवं वंचित वर्गों तक विधिक सहायता एवं कानूनी जागरूकता पहुंचाने के उद्देश्य से विधिक सहायता क्लिनिक (Legal Aid Clinic) की स्थापना की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के चेयरमैन जितेन्द्र कुमार, चेयरपर्सन श्रीमती कनक चौहान एवं प्राचार्य प्रदीप राठौर द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य प्रदीप राठौर ने कहा कि विधि विद्यार्थियों की शिक्षा केवल कक्षा तक सीमित नहीं रहनी चाहिए। इस क्लिनिक के माध्यम से विद्यार्थियों को समाज के विभिन्न वर्गों के बीच जाकर उनके विधिक अधिकारों एवं समस्याओं को समझने तथा कानून के व्यावहारिक पक्ष से परिचित होने का अवसर मिलेगा। चेयरमैन जितेन्द्र कुमार ने कहा कि न्याय तक पहुंचना प्रत्येक व्यक्ति का महत्वपूर्ण अधिकार है। आर्थिक अथवा सामाजिक रूप से कमजोर व्यक्ति भी अपने अधिकारों से वंचित न रहे, इसके लिए विधिक जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। चेयरपर्सन श्रीमती कनक चौहान ने कहा कि युवा पीढ़ी समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने की महत्वपूर्ण शक्ति है।

## अ. कलाम अंसारी का स्वागत किया

**धामपुर ( चिंगारी )।** समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष नियुक्त होने के बाद हाजी अब्दुल कलाम अंसारी के धामपुर मे नगीना चौराहा कालागढ़ रोड स्थित आवास पर समर्थकों ने फूल-मालाएं पहनाकर उनका जोरदार स्वागत किया और नई जिम्मेदारी के लिए बधाई दी। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने कहा कि पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए एकजुट होकर काम किया जाएगा। सभी ने पार्टी को मजबूत करने और मिशन 2027 की तैयारियों में अभी से जुट जाने का संकल्प लिया। इस मौके पर रविन्द्र चौहान पप्पू, रशीद अहमद, नसीम राणा, फहीम अहमद, फारूक, शमशाद अंसारी समेत बड़ी संख्या में समर्थक, कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

## किशोरी को होटल में ले जाकर किया दुराचार पुलिस ने आरोपी को कर लिया गिरफ्तार

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** स्थानीय पुलिस ने एक किशोरी को बहला-फुसलाकर एक होटल में ले जाने के बाद उसके साथ दुराचार करने तथा आपत्तिजनक स्थिति में उसकी विडियो बनाकर उसे सार्वजनिक करने की धमकी देने के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार स्थानीय गंगा नगर निवासी एक व्यक्ति ने कोतवाली में तहरीर दी थी कि उसकी नाबालिग पुत्री को नेहरु ग्राम निवासी एक युवक ने तपोवन बुलाकर उसे नशीला पदार्थ खिलाया और एक होटल में ले जाकर उससे दुष्कर्म किया। साथ ही उसकी आपत्तिजनक विडियो बनाकर उसे सार्वजनिक करने की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पाक्सो तथा बाल-किशोर न्याय अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत कर आरोपी की तलाश शुरू की। इसी दौरान मुखबिर ने आरोपी के अपने घर पर होने की सूचना दी, जिस पर पुलिस ने अभियुक्त अभिलेश उर्फ अक्की पुत्र स्व. जितेंद्र नौटियाल निवासी लेन-5, इन्द्रानगर, नेहरू ग्राम के घर पहुंच कर उसे गिरफ्तार कर लिया। दबिश देने वाली पुलिस टीम में निरीक्षक यशपाल सिंह बिष्ट, म.उ.नि. सीमा राघव, का. दिनेश महर, कानि., संदीप छाबड़ी शामिल थे।

## बार-बार ट्रिपिंग होने के कारण विद्युत उपभोक्ता परेशान

**धामपुर ( चिंगारी )।** विद्युत वितरण खंड, धामपुर क्षेत्र में स्थापित बिजली घरों में विद्युत भार अधिक होने के कारण ओवरलोडिंग के चलते बार-बार ट्रिपिंग होने से जहां विद्युत उपभोक्ताओं को भादो के महीने में पड़ रही भीषण गर्मी में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं उपभोक्ताओं को शॉर्ट सर्किट से दुर्घटना होने की आशंका बनी हुई है। विद्युत विभाग को वैसे तो धामपुर नगर में व्याप्त ओवरलोडिंग की समस्या के समाधान हेतु गर्मी से पूर्व ही कारगर उपाय करने चाहिए थे परंतु वर्षा काल के बाद सुबह शाम मौसम में आ रहे चेंज के बावजूद ओवरलोडिंग की समस्या कम नहीं हो रही है। विद्युत वितरण खंड प्रथम धामपुर के अधिशासी अभियंता संजीव कुमार पटेल ने विद्युत उपभोक्ताओं से अपील की है कि वह हाई वोल्टेज उपकरणों का प्रयोग विद्युत सप्लाई शुरू होने के एक-दो घंटे बाद करें। टाउन फीडर नंबर वन, फीडर नंबर दो एवं जैतरा टाउन ओवरलोड होने के कारण बार-बार ट्रिप हो रहे हैं जिस कारण आपके भी उपकरणों में एवं बिजली घर के उपकरणों में समस्या उत्पन्न हो सकती है।

## हिंदी दिवस पर विचार व काव्य गोष्ठी आयोजित की



गोष्ठी में विचार व्यक्त करते हुए साहित्यकार दिनेश चंद्र अग्रवाल नवीन।

**धामपुर ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश युवा साहित्यकार संघ के तत्वाधान में हिंदी दिवस के अवसर पर एक विचार एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन हरिकांत निवास पर किया गया। कार्यक्रम में कवि राज कुमार वर्मा ने कहा कि लिख लो हिंदी पढ़ लो हिंदी, बोलो हिंदी प्यारी है, डॉ. भूपेंद्र सिंह अनाड़ी का कहना था 'अमृतवाणी कल्याणी यह, गौरव की भाषा है/ अक्षय निधि है संस्कृति की, जन जन की जिज्ञासा है। शिक्षक विकास अग्रवाल ने कहा, 'गर्व है मुझे मातृ भाषा है हिंदी, यह मेरे देश के माथे की बिंदी। डॉ. राम सिंह सुमन ने आह्वान किया। राष्ट्र भाषा बने देश की, हिंदी का संसार बढ़े। शायर एजाज धामपुरी ने कलाम पेश किया 'बहु की शक्ल में बेटी की चाह रखता हूं, करूंगा क्या मैं ये बाइक यह कार रहने दो। इस अवसर पर डॉ. सुरेंद्र राजपूत, नरेश वर्मा, विभूति कांत शर्मा, देश राज उदार, राजकुमार सिंह, अजय पाल धीमान ने भी अपनी रचना प्रस्तुत की। मुख्य अतिथि दिनेश चंद अग्रवाल नवीन ने सभी से हिंदी भाषा को बढ़ाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के अध्यक्ष यशपाल सिंह परम ने हिंदी को विश्व की सबसे वैज्ञानिक भाषा बताया। कार्यक्रम में इंदु कांत शर्मा, रजनीश शर्मा, गजेंद्र वीर सिंह एड., संजय बिल्लू, केशव कांत आदि मौजूद रहे। अंत में संचालक हरि कांत शर्मा ने कहा कि हमें हिंदी का प्रचार प्रसार करना होगा।

# महंगाई, खाद की किल्लत और जलभराव समेत सात मांगों को लेकर किसान सभा ने एसडीएम को दिया ज्ञापन

**नगीना ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश किसान सभा के प्रदेशव्यापी आह्वान पर मंगलवार को कार्यकर्ताओं ने जनसमस्याओं को लेकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया। इसके बाद मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी के माध्यम से भेजा गया। मंगलवार की सुबह एसडीएम प्रिंस कुमार को दिए गए ज्ञापन में बढ़ती महंगाई, खाद की किल्लत, जलभराव, बिजली संबंधी समस्याओं, संचारी रोगों से बचाव और किसानों की समस्याओं के समाधान की मांग की गई। किसान सभा ने मांग की कि खाने-पकाने की आवश्यक वस्तुओं, रसोई गैस, तेल, प्याज और चीनी की बढ़ती कीमतों पर रोक लगाई जाए। चीनी का खुले बाजार में अधिकतम मूल्य 40 रुपये प्रति किलोग्राम सुनिश्चित करने तथा आवश्यक वस्तुओं को निर्यंत्रित दरों पर राशन कार्ड के माध्यम से उपलब्ध कराने की मांग की गई।



किसानों को पर्याप्त मात्रा में डीएपी और यूरिया उपलब्ध कराने, खाद के साथ किसी अन्य वस्तु की जबरन बिक्री रोकने तथा अंगूठे और आंख की पुतली के मिलान में आ रही दिक्कतों का समाधान कराने की भी मांग उठाई गई। इस मौके पर किसान सभा बढ़ापुर के अध्यक्ष सलीम अंसारी, सद्दाम अंसारी, अखलाक़ खान, शराफत हुसैन, शहजाद, हरकिशन सिंह, हरपाल सिंह, शहजाद, शिव शंकर, योगेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।




# बिजली कटौती और ओवरलोड की समस्या को लेकर एमडी से मिले विधायक मनोज पारस

**नगीना ( चिंगारी )।** नगीना विधानसभा क्षेत्र में लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती को लेकर विधायक मनोज पारस ने पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (पीवीवीएनएल), मेरठ के प्रबंध निदेशक से मुलाकात की। उन्होंने क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था में सुधार की मांग को प्रमुखता से उठाया। विधायक ने एमडी के सामने नगीना, किरतपुर समेत ग्रामीण क्षेत्रों में हो रही अत्यधिक बिजली कटौती की समस्या रखी। उन्होंने कहा कि अघोषित कटौती पर तत्काल रोक लगाकर उपभोक्ताओं को सुचारू विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराई जाए। इसके अलावा जर्जर विद्युत तारों को बदलने, क्षमता से अधिक लोड वाले ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ाने तथा ग्रामीण क्षेत्रों में लो-वोल्टेज की समस्या दूर करने की मांग की। विधायक ने कहा कि बिजली आपूर्ति बेहतर होने से आम लोगों के साथ किसानों और व्यापारियों को भी राहत मिलेगी। एमडी ने विधायक की ओर से रखी गई समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए नगीना विधानसभा क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था में जल्द सुधार कराने और समस्याओं के त्वरित निस्तारण का आश्वासन दिया।



# सेवा संकल्प अभियान की रूपरेखा तैयार की

**नगीना ( चिंगारी )।** नगर पालिका कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के 25 वर्षों के निरंतर सेवा काल की जनकल्याणकारी उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। मंगलवार को पालिका कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में प्रत्येक नागरिक को विकसित भारत 2047 के सामूहिक राष्ट्रीय संकल्प से जोड़ने के उद्देश्य से आगामी 17 सितंबर से 17 अक्टूबर के मध्य सेवा संकल्प अभियान आयोजित किए जाने को लेकर रूपरेखा तैयार की गई। इस मौके पर सफाई निरीक्षक धीरज राय वर्मा, प्रधान लिपिक इत्तेदार जैदी,मुनीर अहमद, रोहित कुमार, संदीप कुमार, मोहम्मद असलम, सभासद गोपाल शर्मा, मोहम्मद शानू, मकसूद उस्मानी, कपिल पवार आदि मौजूद रहे।

# यूनिवर्सल एकेडमी में श्रद्धापूर्वक मनाया गया गणेश चतुर्थी उत्सव




**बिजनौर ( चिंगारी )।** यूनिवर्सल एकेडमी, बिजनौर में गणेश उत्सव श्रद्धा, भक्ति एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। गणेश जी की स्थापना के कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबन्धक राकेश कर्णवाल, प्रधानाचार्य डॉ. अनुज त्यागी एवं उप-प्रधानाचार्या खुशबू कर्णवाल, समस्त स्टाफ द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना के साथ भगवान गणेश की प्रतिमा की स्थापना की गयी। पूजन के दौरान भगवान गणेश को मोदक का भोग अर्पित किया गया। शिक्षकों ने श्रद्धापूर्वक पूजा-अर्चना में सहभागिता करते हुए सुख, समृद्धि, बुद्धि एवं सफलता की कामना की।

# कांग्रेस संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करें : संजीव आर्य

## पश्चिमी यूपी सहप्रभारी का हुआ शानदार स्वागत

**बिजनौर ( चिंगारी )।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सहप्रभारी संजीव आर्य के जनपद बिजनौर में प्रथम आगमन पर नगीना रोड स्थित एक बैंकट हॉल में संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम जिला अध्यक्ष हैनरिता राजीव सिंह के नेतृत्व में हुआ, जिसमें जिलेभर से बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन जावेद अंसारी एवं हरिराज सिंह ने किया।

संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि संजीव आर्य ने कांग्रेस संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में प्रत्येक बूथ को मजबूत बनाना होगा। कार्यकर्ताओं को पूरी ताकत के साथ गांव, मोहल्ले और बूथ स्तर तक संगठन को सक्रिय करना होगा।



जिला कांग्रेस अध्यक्ष हैनरिता राजीव सिंह ने संजीव आर्य का जनपद में प्रथम आगमन पर स्वागत एवं अभिनंदन किया। कहा कि कार्यकर्ताओं की भारी भागीदारी कांग्रेस संगठन की मजबूती और आगामी संघर्ष के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। कार्यक्रम में चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश चेयरमैन आजाद बैग, शहर अध्यक्ष हुमायूं बेग, विनोद तोमर, विक्रम एडवोकेट, नगर अध्यक्ष अहसन जमील स्योहारा, अथर जमील, अली हुसैन, शाह आलम, लताफत हुसैन, तनवीर अहमद, इमरान, आरिफ हुसैन, रईस अहमद, ब्लॉक अध्यक्ष हरि सिंह, सागर बुढ़नपुर, स्योहारा, डॉ. नौबत सिंह, रामकुमार, मदन सिंह, राशिद हुसैन, जाकिर हुसैन, मेराज, फहीम अहमद, नईम अहमद, कमल सिंह, मलखान सिंह, आबिद हुसैन आदि मौजूद रहे।

# किसान यूनियन के लोगों ने आरक्षित वन क्षेत्र में घुसकर पेड़ काटे

## 9 नामजद व 4 अज्ञात के विरुद्ध मुक़दमा दर्ज

**बढ़ापुर (चिंगारी)।** साहूवाला रेंज में किसान यूनियन के लोगों द्वारा आरक्षित वन क्षेत्र में घुसकर यूकेलिप्टस के 14 पेड़ों को काट लिया गया। वन विभाग द्वारा थाना बढ़ापुर में 9 नामजद तथा चार अज्ञात के विरुद्ध संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया है। बताया जाता है कि मंगलवार को रेंज कार्यालय को सूचना मिली थी कि साहूवाला रेंज की इनायतपुर बीट के कक्ष संख्या 10 में कुछ कथित किसान यूनियन के लोग पेड़ों को काट रहे हैं। सूचना मिलने पर बीट प्रभारी वन रक्षक विक्रांत कुमार अपने हमराही न्यूनतम वेतन कर्मी विजयपाल सिंह के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे, जहां 10 से 12 व्यक्तियों ने यूकेलिप्टस के 14 हरे-भरे पेड़ों को काटकर गिरा दिया था। आरक्षित वन क्षेत्र से पेड़ों को काटे जाने के संबंध में वन रक्षक विक्रांत कुमार द्वारा थाना बढ़ापुर में दी गई तहरीर में कथित किसान यूनियन के लोगों और उनके पदों का जिक्र करते हुए 9 नामजद जिनमें शमशाद अहमद पुत्र इसरार अहमद मुहल्ला बंदूकचियान धामपुर, अर्जुन पुत्र प्रकाश ग्राम तिबड़ी धामपुर, राजिक पुत्र अब्दुल्ला मुहल्ला खत्रियान धामपुर, अब्दुल्ला पुत्र रहमतुल्लाह मुहल्ला पक्काबाग आरएसएम चौराहा धामपुर, प्रमोद कुमार जिला उपाध्यक्ष किसान यूनियन निवासी झालू, राजीव कुमार तहसील उपाध्यक्ष, राजिक पुत्र शमशाद अहमद, शानू पुत्र शमशाद निवासी धामपुर, सनव्वर पुत्र नामालूम तथा चार अज्ञात के विरुद्ध वन अधिनियम की धारा के अलावा सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने, वन कर्मियों को धमकी देने के आरोप में थाना बढ़ापुर पुलिस को तहरीर दी गई है। बढ़ापुर पुलिस ने तहरीर के आधार पर 9 नामजद तथा चार अज्ञात के विरुद्ध संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।



धमाका धमाका धमाका

पुरानी के बदले नयी केवल आधे पैसों में

कोई भी कान की पुरानी मशीन
कमर की कोई भी पुरानी बैल्ट (दर्द के लिए या ऑप्रेशन के बाद)
कोई भी Knee Cap (घुटनों पर चढ़ाने वाली पट्टी)

**कोई भी शुगर चैक करने की पुरानी मशीन लायें और नई ले जायें**

हमारें यहाँ बड़े व्यक्तियों के लिए डायपर (Adult Diapper) लेटरिन कुर्सी, स्टूल व पोट, यूरिन पोट, व्हील चेयर, बैसाखी, वॉकर, सिकाई करने वाली बोतल, गरम पट्टी (Crape Bandage), Knee Cap, बेल्ट कमर दर्द के लिए, कॉलर, गले के लिए, Dextrose की बोतल, ऑप्रेशन के बाद बंधने वाली बेल्ट, हरनिया बेल्ट, Anti Dandruff Shampoo, Hand Sanitizer, हाथ धोने के लिए (Cotton, Bandage, Glycerin), मरीजों के लिए (Air Bed, Water Bed) आदि सभी सर्जिकल सामान थोक के उचित मूल्यों पर मिलते है। **पुरानी मशीन की रिपेयर भी होती है।**

**गोयल मेडिकल स्टोर**
नवयुग मार्केट, निकट रोहित होटल, बिजनौर
फोन - 9411012482, 8273387326
**नौकरी के लिये युवक-युवतियां सम्पर्क करें।**



## लीना सिंघल ने किया श्री गणेश महोत्सव का शुभारंभ

**नजीबाबाद (चिंगारी)।** वाल्मीकि मंदिर मौहल्ला रम्पुरा में आयोजित श्री गणेश महोत्सव का शुभारंभ पूर्व क्षेत्रीय मंत्री भाजपा श्रीमती लीना सिंघल द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रथम पूज्य भगवान श्री गणेश का आशीर्वाद प्राप्त कर सभी श्रद्धालुओं को गणेश महोत्सव की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर मुकुल (अध्यक्ष), हर्ष, शानु, गोलू, ओंकार, दीपक सिसोदिया, सिद्धार्थ, नकुल, अरविंद, मुकेश, विशाल, समर, खुसीराम, अभिषेक, धनु कुमार, नरेशचंद्र, नीशू, निखिल, वाशु, अक्षय सहित अनेक श्रद्धालु एवं गणमान्य उपस्थित रहे।

## प्रतीक कुमार द्वारा बनाई गई ईको फ्रेंडली प्रतिमा बनी आकर्षण का केंद्र

**बिजनौर (चिंगारी)।** बारह वर्षीय बालक प्रतीक कुमार ने तीन फीट ऊंची गणपति जी की ईको फ्रेंडली प्रतिमा बनाकर, पर्यावरण संरक्षण का सुन्दर पैग़ाम दिया है। जैसा कि सर्वविदित है कि गणेश चतुर्थी पर सनातन धर्म के लोग मंदिरों और अपने-अपने घरों में विघ्नहर्ता गणपति जी की मूर्ति स्थापित करते है और दस दिन तक उनकी पूजा-अर्चना के बाद उनको गंगा जी में विसर्जित कर देते हैं। बाजार से लाई हुई मूर्तियां हार्ड मैटीरियल से बनी हुई होती हैं, जिससे गंगा में प्रदूषण होता है, किंतु प्रतीक ने बहुत सुन्दर ईको फ्रेंडली प्रतिमा बनाकर,जाटान स्थित अपने आवास पर स्थापित की है, जिसे देखने और पूजा करने अनेक लोग आ रहे हैं।



प्रतीक के इस सराहनीय कार्य के लिए सभी उसकी प्रशंसा कर रहे हैं। प्रतीक की भगती बाल मंडली में कुंज सूद, परमेंद्र वेद, काकुल, काव्य, निशांत, आर्यन, सिमरन, आकांक्षा, कुमकुम, अंजली, शेफाली, शिवनीय, पिंकी, राकेश, पाखी, अनन्या, कुसुम, इंद्रा, राजू आदि शामिल हैं।

## आसपा ने रविता गौतम से किया किनारा, आदेश निरस्त

**नहटौर (चिंगारी)।** आजाद समाज पार्टी की नेत्री रविता गौतम पर आपराधिक मुकदमे दर्ज होने के उपरांत पार्टी ने उनसे किनारा कर लिया। आसपा जिलाध्यक्ष ने रविता गौतम की ओर से विधानसभा चुनाव के लिए किया आवेदन निरस्त कर दिया गया है। आजाद समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष सत्येंद्र कुमार ने बताया कि रविता गौतम द्वारा पार्टी से नहटौर विधानसभा चुनाव के लिए आवेदन किया था। पार्टी को आवेदन के समय उनके कृत्यों के संबंध में कोई जानकारी नहीं थी। उन्होंने यह भी बताया कि पिछले 5 वर्षों से रविता गौतम का पार्टी से किसी भी पद या सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में कोई संबंध नहीं था। उन्होंने कहा कि पार्टी की ओर से स्पष्ट है कि रविता गौतम द्वारा किए गए किसी भी अथवा आपराधिक मामले से पार्टी का कोई संबंध नहीं है। उनके व्यक्तिगत कार्यों के लिए पार्टी किसी प्रकार से जिम्मेदार नहीं है, जिसके चलते उनके नहटौर विधानसभा चुनाव के लिए किए गए आवेदन को निरस्त कर दिया गया है। जिलाध्यक्ष ने यह भी कहा कि रविता गौतम के व्यक्तिगत प्रकरण को आजाद समाज पार्टी काशीराम से जोड़कर न देखा जाए।

## बेगराजपुर में सपा के निवनियुक्त पदाधिकारियों को सम्मानित किया



**नहटौर (चिंगारी)।** समाजवादी पार्टी के नवनियुक्त जिला पदाधिकारियों का ग्राम बेगराजपुर में सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान वक्ताओं ने सपा संगठन को मजबूत करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। सम्मान समारोह की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष हनी फैसल द्वारा की गई। जिला संगठन में नई जिम्मेदारी प्राप्त करने पर जिला उपाध्यक्ष मुदित त्यागी, डॉ. राजपाल विश्वकर्मा, ठाकुर योगेंद्र सिंह व जिला सचिव शराफत ठेकेदार, रवि प्रकाश, घनश्याम सिंह एवं ब्लॉक अध्यक्ष लोकेंद्र सिंह को फूल माला पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पूर्व सांसद इंजी. यशवीर धोबी, अहमद ख़िज़र, काजी जमाल नासिर, सुरेंद्र फलौदिया, अफ़जाल अहमद, डॉ. लुकमान आदि उपस्थित रहे।

## राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के अमजद सिद्दीकी कोषाध्यक्ष बने

**नजीबाबाद (चिंगारी)।** चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष एवं बढ़ापुर विधानसभा क्षेत्र के सम्भावित प्रत्याशी डॉ. आजाद बेग के नेतृत्व में राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के जिला अध्यक्ष जगदीप सिंह कलेर की अध्यक्षता एवं जिला उपाध्यक्ष मिसबाबुल हसन के संचालन में नगीना में पूर्व सांसद मंत्री स्वर्गीय श्रीमती ओमवती देवी के कार्यालय पर बैठक आयोजित की गई। जिसमें जिला अध्यक्ष जगदीप सिंह कलेर ने जिला कार्यकारिणी घोषित की। जिसमें नजीबाबाद के कर्मठ एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता अमजद सिद्दीकी को कोषाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया। इसके लिए अमजद सिद्दीकी ने शीर्ष नेतृत्व व जिला अध्यक्ष सहित सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा उन्हें जो जिम्मेदारी दी गई है उसे वह पूरा करने का प्रयास करते हुए संगठन को मजबूत बनाने का काम करेंगे। सोशल मीडिया विभाग एवं नगर महासचिव नदीम फारूकी व वरिष्ठ कांग्रेस नेता नईमुल अख्तर ने नई जिम्मेदारी मिलने पर अमजद सिद्दीकी को बधाई देते हुए कहा कि हम सब मिलकर कांग्रेस को और मजबूत करेंगे।




# गुलदार के हमले में घायल किसान बिजनौर से भी रैफर



गुलदार के हमले में घायल किसान परमजीत सिंह

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )**। गत दिवस अमानगढ़ वन रेंज क्षेत्र के ग्राम मनकंदपुर गढ़ी में गुलदार के हमले में गंभीर रूप से घायल हुए ग्राम देवानंदपुर गढ़ी निवासी सरदार परमजीत सिंह को परिजन यहां से बिजनौर और बिजनौर से मुरादाबाद ले गए हैं। गुलदार द्वारा उनके चेहरे पर पंजों से हमला किया गया है, जिससे उनके चेहरे पर कई जगह जख्म हैं, आंख के पास गहरा घाव बताया जा रहा है। उधर रेंजर अंकिता किशोर ने घटना पर दु:ख जताते हुए घायल किसान के घर पहुंचकर परिजनों एवं अन्य ग्रामीणों से बातचीत की और गुलदार को शीघ्र पकड़ने का भरोसा दिया है। अंकिता किशोर ने बताया कि घटनास्थल के पास पिंजरा लगाने के साथ-साथ वनकर्मियों की कई टीमें भी आसपास के क्षेत्र में लगातार गश्त भी कर रही हैं। बता दें कि परमजीत पर हमले से पूर्व गुलदार को पिटबुल नस्ल का एक पालतू कुत्ता ललकार रहा था, जिससे घबराकर गुलदार पेड़ पर चढ़ गया था। मौके पर पहुंचे वनकर्मियों की हवाई फायरिंग से वह पेड़ से उतरकर गन्ने के खेत में घुस गया था और बाद में उसने गन्ने के खेत से निकलकर किसान परमजीत पर हमला कर दिया।

## रेंजर ने घायल के परिजनों से मुलाकात की



पेड़ पर चढ़ा हुआ गुलदार।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर कल रक्तदान शिविर का आयोजन होगा

**स्योहारा ( चिंगारी )**। धर्मनंदा चैरिटेबल ब्लड बैंक एंव लक्ष्य कॉलेज ऑफ एडवान्स एजुकेशन के सहयोग से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। कल बृहस्पतिवार को आयोजित होने वाले रक्तदान शिविर की जानकारी देते हुए ब्लड बैंक डायरेक्टर डाक्टर शाश्वत वर्मा ने कहा कि रक्तदान महादान है समय-समय पर रक्तदान करते रहना चाहिए। आपके द्वारा किया गया रक्तदान किसी के लिए बहुत बड़ा उपकार साबित होता है। ब्लड बैंक के संस्थापक डाक्टर मनोज वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर लक्ष्य कॉलेज ऑफ एडवान्स एजुकेशन के सहयोग से आयोजित होने वाला रक्तदान शिविर स्वास्थ्य हितों के लिए महत्वपूर्ण है। रक्तदान करने से कमजोरी नहीं, बल्कि नये रक्त का संचार होता है। डाक्टर मनोज वर्मा ने कहा कि रक्तदान के लिए हमें जागरूकता अभियान भी चलाना चाहिए।

## क्रिकेटर रिंकू सिंह और सांसद प्रिया सरोज की शादी 4 दिसंबर को लखनऊ के एक होटल में होगी



**लखनऊ ( चिंगारी )**। क्रिकेटर रिंकू सिंह और समाजवादी पार्टी की सांसद प्रिया सरोज की शादी की तारीख फाइनल हो गई है। दोनों 4 दिसंबर को लखनऊ के एक होटल में विवाह के बंधन में बंधेंगे। इससे पहले रिंकू सिंह और प्रिया सरोज की सगाई लखनऊ के सेंट्रम होटल में हुई थी। सगाई के बाद से ही दोनों के विवाह की तारीख को लेकर चर्चा थी। अब 4 दिसंबर की तारीख तय होने के साथ शादी को लेकर तस्वीर साफ हो गई है।

# गांव से ग्लोबल मार्केट तक पहुंचेगा उत्तर प्रदेश की दीदियों का हुनर

**लखनऊ ( चिंगारी )**। उत्तर प्रदेश के स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं के उत्पाद अब गांव और स्थानीय बाजार तक सीमित नहीं रहेंगे। योगी सरकार ने ग्रामीण महिला उद्यमियों को बड़े बाजार से जोड़ने के लिए 543 प्रेरणा सरस स्टोर और 3,000 से अधिक उत्पादों के लिए ऑनलाइन-ऑफलाइन विपणन प्लेटफॉर्म तैयार किए हैं। इसके जरिए स्वयं सहायता समूहों के उत्पाद राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंच सकेंगे।

सरकार के मुताबिक, समूहों के उत्पादों को ओएनडीसी, ई-सरस, प्रेरणा मार्ट, मीशो, अमेजन और फ्लिपकार्ट जैसे डिजिटल मंचों पर उपलब्ध कराने की दिशा में काम किया जा रहा है। वहीं जनपद और ब्लॉक स्तर पर स्थापित प्रेरणा सरस स्टोर स्थानीय उत्पादों की बिक्री के लिए बाजार उपलब्ध करा रहे हैं। ग्रामीण आजीविका मिशन के मिशन निदेशक अरुण कुमार ने कहा कि स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को केवल बचत और ऋण तक सीमित रखने के बजाय उन्हें उद्यमिता के अवसर उपलब्ध कराने पर जोर दिया जा रहा है। उत्पादन के साथ पैकेजिंग, ब्रांडिंग और बाजार से जुड़ाव बढ़ने से महिलाओं के छोटे उद्यमों को विस्तार का अवसर मिलेगा। बिजनौर राज्य एग्रीगेशन सेंटर के माध्यम से ऑनलाइन विपणन की शुरुआत भी की जा चुकी है। इसके तहत अलग-अलग समूहों के उत्पादों को एक मंच पर लाकर उनकी बिक्री और बाजार तक पहुंच को व्यवस्थित करने का प्रयास किया जा रहा है। इससे किसी जिले या क्षेत्र विशेष की पहचान वाले उत्पादों को दूर-दराज के ग्राहकों तक पहुंचाने में मदद मिलेगी। सरकार का मानना है कि बाजार से जुड़ाव केवल बिक्री बढ़ाने तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे उत्पादों की पहचान और ब्रांड वैल्यू भी तैयार होगी। महिलाओं को बाजार की मांग समझने और उसके अनुरूप उत्पादन तथा विपणन की रणनीति बनाने का अवसर मिलेगा। 543 प्रेरणा सरस स्टोर और डिजिटल मंचों के जरिए गांव में तैयार उत्पादों को स्थानीय बाजार से निकालकर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंचाने की व्यवस्था तैयार की जा रही है। इससे उत्तर प्रदेश की ग्रामीण महिलाओं के स्थानीय हुनर को व्यापक बाजार और नई पहचान मिलने की उम्मीद है।



## स्थानीय उत्पादों को दूर बैठे ग्राहकों तक पहुंचने का अवसर मिलेगा

**डिजिटल बाजार की दिशा में बिजनौर राज्य एग्रीगेशन सेंटर के माध्यम से ऑनलाइन विपणन कार्य शुरू किया जा चुका है। अलग-अलग समूहों के उत्पादों को एक मंच पर लाकर उनकी बिक्री और बाजार तक पहुंच को व्यवस्थित करने की दिशा में इसे महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इससे स्थानीय उत्पादों को दूर बैठे ग्राहकों तक पहुंचने का अवसर मिलेगा। खासकर किसी जिले या क्षेत्र विशेष की पहचान वाले उत्पादों को व्यापक बाजार उपलब्ध कराने में यह व्यवस्था मददगार होगी।**

# नगर कल्याण समिति ने धूमधाम से मनाया 27वां स्थापना दिवस

## कविता, ग़ज़ल, गीत और हास्य प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को बनाया यादगार

**बिजनौर ( चिंगारी )**। नगर कल्याण समिति ने अपना 27वां स्थापना दिवस संस्थापक सदस्य डॉ. मीना बख्शी के होली लेन, बिजनौर स्थित आवास पर हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया। कार्यक्रम में समिति के सदस्यों ने एक-दूसरे को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं और विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से समारोह को यादगार बना दिया। कार्यक्रम का सुंदर एवं प्रभावी संचालन समिति के मीडिया प्रभारी रितेश भटनागर ने किया। सदस्यों ने कविता, गजल, गीत एवं हास्य-चुटकुलों की शानदार प्रस्तुतियां देकर उपस्थित लोगों का भरपूर मनोरंजन किया। कार्यक्रम के दौरान सदस्यों में आपसी सौहार्द, सामाजिक एकता एवं सेवा भावना की झलक देखने को मिली। समारोह में अध्यक्ष हसन अब्बास, महासचिव राजीव अग्रवाल, डॉ. मीना बख्शी, संदीप भटनागर, राजुल त्यागी, डॉक्टर नीता सिंह, अनीता चौधरी, अशोक निर्दोष, नीरा अग्रवाल, सुमन शर्मा, पुष्पा ठाकुर, छवि कौशल, भारत भूषण, शिखा गुप्ता, सुमन चौधरी, विजय सचदेवा, रचना कपूर, शोभना सिंह, शालू वार्ष्णेय, सुनील गोयल, डाक्टर हितेश शर्मा एवं डॉ. के.सी. त्यागी, संत राम देशवाल सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।



इस अवसर पर वर्ष 2025 में राज्य पुरस्कार प्राप्त करने वाली रचना कपूर को पुष्पगुच्छ एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। वहीं डॉ. मीना बख्शी ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए उपस्थित सदस्यों को गमले सहित पौधे भेंट किए।



डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), M.I.P.S., M.I.E.A., F.I.P.S. (Fellow of Indian Psychiatry Society)

डा. अर्सलान अय्यूब
M.B.B.S. (TU), M.I.P.S.,
Member of Indian Psychiatry Association



(मानसिक रोग एवं उनके लक्षण)
1. डिप्रेशन, उदासी घबराहट (DEPRESSION)
2. पागलपन, गालियाँ देना, कानों में आवाजे आना, मारपीट, तोड़-फोड़ करना (SCHIZOPHRENIA)
3. शक की बीमारी, बार-बार हाथ धोना, ताले चेक करना (O.C.D)
4. नशा मुक्ति (शराब, भांग, सिगरेट) (DE ADDICTION)
5. बच्चों का मन्द बुद्धि होना, चिड़चिड़ा होना (ADHD), (AUTISM)
6. सरदर्द, सर का भारी होना, आधे सर में दर्द होना (MIGRAINE)
7. सेक्स समस्याएं (E.D) निसंतान

45 वर्ष से आपकी सेवा में

मार्शल मिर्गी एवं मानसिक चिकित्सा केन्द्र
पता-निकट चन्द्रा टाकीज़ सेन्ट्रल बैंक के सामने, मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.- 9997892556, 9997411423

# देश के युवा, लोकतंत्र का आधार

## अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस पर गोष्ठी का आयोजन





**बिजनौर (चिंगारी)।** स्कूल ऑफ लीगल स्टडीज विवेक विश्वविद्यालय में मंगलवार को अन्तर्राष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस पर युवा, लोकतंत्र का स्तंभ विषय पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया।

**कार्यक्रम का शुभारम्भ सूर्यमणि रघुवंशी चीफ एडीटर चिंगारी, डीन डा. राजीव कुमार, डा. संजय त्यागी, डीन स्कूल ऑफ साइंस द्वारा संयुक्त रूप से सरस्वती पूजन करके किया गया।**

गोष्ठी में युवा छात्र/छात्राओं ने युवाओं की भारतीय लोकतंत्र में भागीदारी पर उत्साहपूर्वक अपने विचार रखे। कार्यक्रम में छात्रा जैनब ने भारतीय लोकतंत्र का अमेरिका व स्विटजरलैन्ड के लोकतंत्र का तुलनात्मक अध्ययन प्रस्तुत किया। रिया अग्रवाल ने चुनाव आयोग-लोकतंत्र का रक्षक, नौरीन ने आजादी में युवाओं की भूमिका, दृष्टि चौधरी ने आजादी के बाद जनआन्दोलन जैसे विषयों पर अपने विचार रखे। छात्रा अनमता ने बताया कि किस प्रकार लोकतंत्र एवं युवा मिलकर देश का विकास कर सकते हैं। कार्यक्रम में छात्रों ने नाट्य प्रस्तुति के माध्यम से युवाओं को वोट डालने के लिए प्रेरित किया।




नाटय प्रस्तुति देते हुए कॉलेज के छात्र-

मुख्य वक्ता सूर्यमणि रघुवंशी ने इस अवसर पर छात्र/छात्राओं के विचारों और प्रस्तुति की प्रशंसा करते हुए विभिन्नता को लोकतंत्र का मजबूत पक्ष बताते हुए युवाओं को लोकतंत्र का स्तम्भ बताया, उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के कारण ही देश में राजनैतिक बदलाव सम्भव है।

**डीन डा. राजीव कुमार चौधरी ने कहा कि आज हर राजनैतिक पार्टी की नजर युवाओं पर है। ऐसे में युवाओं को एक वोटर के रूप में अपना महत्व समझना होगा।**

कार्यक्रम का संचालन सुगन्धा वैध द्वारा किया गया। इस अवसर पर डा. अरविन्द कुमार, पी.के. दीक्षित, डा. सुरेश कुमार, अंकित कुमार, विवेक कुमार, प्रमोद त्यागी, विकान्त कुमार, कंचन चौहान, स्वाति, प्रिया शर्मा, निर्देश कुमार, दानिश जमीर आदि शिक्षकगण एवं छात्र/छात्रा उपस्थित रहे।

DF
धारा मोटर
फ़ाईनेन्स लिमिटेड
सरकारी एवं प्राइवेट कर्मचारियों के लिए
विशेष लोन सुविधा
Salaried Loan
अब खास आपके लिए
लोन लेना हुआ
और भी आसान
अब आप घर बैठे ही अपने मोबाइल से Instant Salaried Loan के लिए Apply कर सकते हैं।
कृपया दिए गए QR कोड को स्कैन करें या हमारी वेबसाइट www.dharamotor.com पर क्लिक करें और मोबाइल एप्लिकेशन इंस्टॉल करें और अपने सैलरी लोन के लिए आज ही आवेदन करें।
हमारा सैलरी लोन क्यों चुनें?
• तेज़ और आसान प्रक्रिया
• न्यूनतम दस्तावेज़
• आकर्षक ब्याज दर
• आसान EMI सुविधा
• शीघ्र लोन अप्रूवल और डिस्बर्समेंट
पात्रता (Eligibility)
• सरकारी कर्मचारी
• प्राइवेट सेक्टर कर्मचारी
• नियमित मासिक आय वाले व्यक्ति

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
पंजीकृत कार्यालय : धारा कॉम्प्लेक्स, सिविल लाइन्स-1, बिजनौर-246701
दूरभाष : 01342-262561, 6396752764, 7060210125
Corporate Office (Delhi) : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Basant Kunj Road, Mahipalpur, New Delhi. Ph.: 011-41662561
www.dharamotor.com dmf_bijnor@yahoo.com

# अखिलेश यादव से मिले शेख रईस



**चांदपुर (चिंगारी)।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता शेख रईस अहमद ने दिल्ली में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से मुलाकात की। इस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी में पूरे जी जान के साथ जुट जाने तथा पार्टी को और अधिक मजबूत बनाने के लिए कार्य करने को कहा। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से मिलकर शेख रईस अहमद गदगद हैं।

# हिंदी है मेरा नाम, मैं भारत में पली हूं...


कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए अतिथिगण।

**नगीना (चिंगारी)। हिंदी दिवस के अवसर पर एकेएम इंटर कॉलेज में सामरी साहित्य कला अकादमी के तत्वावधान में कवि गोष्ठी एवं मुशायरे का आयोजन किया गया।**

कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. रमेश गिरि ने की, जबकि संचालन डॉ. आलमगीर काजमी ने किया। कार्यक्रम में कवि और शायरों ने हिंदी भाषा के महत्व, देशप्रेम और राष्ट्रीय एकता पर आधारित रचनाएं प्रस्तुत कर खूब तालियां बटोरीं। डॉ. आलमगीर काजमी ने 'हिंदी है मेरा नाम, मैं भारत में पली हूं/भारत में ही जन्मी हूं, मैं भारत की कली हूं' सुनाकर हिंदी के प्रति अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। एडवोकेट इंद्रजीत जोशी ने कहा, 'जब तक हिंदी न हो दिल में, अरमान अधूरा रहता है, हम विश्व गुरु न बन पाए, सपना यह अधूरा रहता है।' तस्लीम अहमद तस्लीम ने कहा, 'हुआ हूं हिंद में पैदा, यही तो नाज है मुझको, मैं शायर उर्दू का हूं, पर मुझे हिंदी भी प्यारी है।' डॉ. रमेश गिरि ने देशभक्ति की रचना प्रस्तुत करते हुए कहा, 'कश्मीर हमारा है, हमारा ही रहेगा, यह देश का प्यारा है, प्यारा ही रहेगा।' इसके अलावा चंद्रमणि गहलोत, आसिफ शम्सी, जुल्फीकार हैदर, राजीव कुमार, तेजपाल सिंह, अजीम मलिक, फिरासत हुसैन, रामगोपाल और कृष्ण कुमार बिश्नोई सहित अन्य कवि एवं शायरों ने भी अपनी रचनाएं प्रस्तुत कीं। कार्यक्रम में हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार और साहित्य के प्रति लोगों में रुचि बढ़ाने पर जोर दिया गया।

# जिला प्रदर्शनी में हुआ जिला स्तरीय कवि सम्मेलन व मुशायरा

**बिजनौर (चिंगारी)।** जिला कृषि औद्योगिक एवं सांस्कृतिक प्रदर्शनी के अंतर्गत नगर पालिका परिषद, बिजनौर के तत्वावधान में इन्दिरा बाल भवन में आयोजित जिला स्तरीय कवि सम्मेलन व मुशायरा संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी (उत्तर प्रदेश) के प्रदेश मंत्री डॉ. प्रमेन्द्र जांगड़ा का आयोजकों व नगरवासियों ने जोरदार स्वागत किया। अपने ओजस्वी और प्रेरणादायी संबोधन से डॉ. जांगड़ा ने सभी का दिल जीत लिया। उन्होंने साहित्य और कला को समाज का दर्पण बताते हुए कहा कि ऐसे आयोजकों और कवियों के माध्यम से हमारी सांस्कृतिक विरासत और समृद्ध होती है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती इन्दिरा सिंह ने की। पं. गोपाल धीमान एवं मनोज कुमार बालियान के संयोजन में कार्यक्रम सुचारू रूप से संपन्न हुआ।


कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए मुख्य अतिथि डा. प्रमेन्द्र जांगड़ा।

इस अवसर पर डॉ. बीरबल सिंह (क्षेत्रीय संयोजक, सहकारिता प्रकोष्ठ), पार्षद मनी, दीपक गर्ग मोनू, राजू गुप्ता, मनोरमा शर्मा, प्रतिका राठी, आदिल अहमद, इरशाद अहमद, दिनेश शर्मा, वेदप्रकाश विश्वकर्मा, बीरबल शर्मा, विजेन्द्र चौधरी, हिमांशु आदि की मौजूदगी रही।

कार्यक्रम में प्रमोद शर्मा (प्रेम), डा. अनिल चौधरी, हुक्का बिजनौरी, रमेश, राजहंस, दीप अंजुम, प्रदीप डेजी, मंजू मधुर, नरेन्द्र जीत, मेराज बिजनौरी, शफक बिजनौरी, आरिफ गांधी, डा. अतीक दानिश, सईद अहमद, उवैद अहमद, सैय्यद अहमद, आसिफ अहमद, अथर आजमी ने अपनी रचनाएं/कलाम पेश किया।

# आरवीआईटी में हुआ दो दिवसीय सम्मेलन




**बिजनौर ( चिंगारी )।** आरवी इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ द्वारा प्रायोजित दो दिवसीय सम्मेलन का मंगलवार को सफलतापूर्वक समापन हुआ। सम्मेलन के दूसरे दिन आईआईटी रुड़की के प्रो. योगेश विजय होटे और NSUT दिल्ली के डॉ. रत्नेश्वर कुमार रत्नेश मुख्य वक्ता रहे। दोनों विशेषज्ञों ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआर), नई तकनीक, शोध एवं नवाचार के क्षेत्र में हो रहे बदलावों और भविष्य की संभावनाओं पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने विद्यार्थियों को उभरती तकनीकों के क्षेत्र में नये विचारों के साथ शोध करने तथा तकनीक को व्यावहारिक उपयोग से जोड़ने के लिए प्रेरित किया। दो दिवसीय सम्मेलन में आरवी इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी सहित विभिन्न संस्थानों से 90 से अधिक शोध पत्र प्रस्तुत किए गए। सम्मेलन में लगभग 300 से अधिक शिक्षक, शोधार्थी एवं छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। समापन अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष योगेन्द्र देशवाल एवं प्रबंध निदेशक सन्नी देशवाल ने सभी अतिथियों, वक्ताओं, शोधार्थियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत एवं आभार व्यक्त किया।

# अनुशासन समिति का अलंकरण एवं छात्रा परिषद गठन समारोह आयोजित




**बिजनौर ( चिंगारी )।** रानी भाग्यवती देवी महिला महाविद्यालय, बिजनौर में प्रो. पारूल त्यागी के मार्गदर्शन में अनुशासन समिति के अलंकरण समारोह एवं छात्रा परिषद के गठन समारोह का आयोजन किया गया। मंच संचालन कर रहीं भूगोल विभागाध्यक्ष एवं अनुशासन समिति की सदस्य कु. ऋतु सैनी ने नवचयनित प्रॉक्टोरियल बोर्ड एवं स्टूडेंट काउंसिल की छात्राओं को उनके कर्तव्यों से अवगत कराया गया और अनुशासन, नेतृत्व तथा उत्तरदायित्व का महत्व समझाया। प्राचार्या प्रो. पारूल त्यागी ने अपने उद्बोधन में कहा कि अनुशासन ही छात्र जीवन की प्रथम सीढ़ी है। उन्होंने इस सत्र की अनुशासन समिति की चीफ प्रॉक्टर डॉ. मंजू चौधरी की भूरि-भूरि प्रशंसा की। उन्होंने छात्रा परिषद् को संबोधित करते हुए कहा कि छात्रा परिषद् महाविद्यालय का वह अंग है जो महाविद्यालय प्रशासन एवं छात्राओं के मध्य सेतु का कार्य करता है।

# स्कूल जाने के लिए घर से निकला छात्र दो दिन से लापता

**झालू ( चिंगारी )।** नगर के मोहल्ला महाजनान निवासी 16 वर्षीय किशोर के अचानक लापता हो जाने से परिजनों में हड़कंप मचा हुआ है। किशोर सोमवार सुबह घर से स्कूल जाने के लिए निकला था, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटा। परिजनों ने स्कूल में संपर्क किया तो पता चला कि वह स्कूल पहुंचा ही नहीं था। छात्र के पिता मोहम्मद सलीम ने किसी अज्ञात युवक को अपने बेटे को बहला-फुसलाकर ले जाने के संबंध में प्रथम सूचना रिपोर्ट हल्दौर थाने में दर्ज कराई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मोहम्मद समीर पुत्र मोहम्मद सलीम, (16 वर्ष), निवासी मोहल्ला महाजनान बिजनौर के एक स्कूल का छात्र है। सोमवार सुबह करीब सात बजे वह स्कूल जाने के



लिए घर से निकला था। काफी देर तक घर नहीं लौटने पर परिजनों को चिंता हुई। उन्होंने स्कूल से जानकारी की तो समीर के स्कूल नहीं पहुंचने की जानकारी मिली। इसके बाद परिजनों ने आसपास के क्षेत्रों सहित संभावित स्थानों पर किशोर की तलाश शुरू की और मामले की सूचना झालू पुलिस को दी। पुलिस द्वारा नगर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। बताया गया है कि घर से कुछ ही दूर लगे कैमरे में समीर स्कूल बैग टांगे हुए जाते दिखाई दे रहा है। इसके बाद वह झालू में ही एक रिक्शे में जाता हुआ सीसीटीवी फुटेज में नजर आया है। पुलिस अब आगे के कैमरों की फुटेज खंगालकर किशोर के जाने की दिशा का पता लगाकर उसकी तलाश कर रही है।

# डा. मंजू चौधरी ने किया गणेश उत्सव का शुभारम्भ



**बिजनौर ( चिंगारी )।** गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर बाल युवा समिति खिरनी-गोपालपुर ने विघ्नहर्ता गणपति बप्पा के स्थापना के अवसर एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. मंजु चौधरी ने फीता काटकर शुभारंभ किया। डॉ. मंजु चौधरी ने गणेश भगवान की अराधना करते हुए समस्त क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा मोर्चा के जिला सहसंयोजक धनीराम, सेवानिवृत प्रधानाचार्य हरपाल सिंह, उर्मिला पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य लवकुश शर्मा, सरस्वती शिशु मंदिर में आचार्य कलीराम, रोहित प्रजापति, नरेंद्र, अंकित बजरंगी, दीपांशु, पंकज, शिवम, हर्ष कुमार, आदित्य कुमार, धीरज, सोनू, प्रशांत, संजू, पुष्पेंद, हरिओम, लोकेंद्र, श्रीमती कुसुम, श्रीमती ममता, मातृशक्ति व भारी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# 25 सितंबर को होगी पेंशन शंखनाद महारैली : चंद्रहास



**बिजनौर ( चिंगारी )।** अटेवा पेंशन बचाओ मंच उत्तर प्रदेश के प्रांतीय आह्वान पर लखनऊ में 25 सितंबर को पेंशन शंखनाद महारैली की सफलता को राजा ज्वाला प्रसाद आर्य इंटर कॉलेज बिजनौर में जिला कोषाध्यक्ष विनीत कुमार गहलोत की अध्यक्षता एवं ब्लॉक अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी के संचालन में बैठक आयोजित हुई। बैठक को प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिम जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह ने कहा कि पुरानी पेंशन हमारा संवैधानिक अधिकार है जिसके लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बन्धु के नेतृत्व में संघर्ष जारी है। संघर्ष की बदौलत सरकार के द्वारा एनपीएस में अनेक संशोधन किए और यूपीए पेंशन व्यवस्था को लाया गया है। देश के कई राज्यों में पुरानी पेंशन बहाल हुई है। 25 सितंबर को लखनऊ में महारैली आयोजित होगी, जिसमें प्रत्येक शिक्षक एवं कर्मचारी लामबंद होकर अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। बैठक में नरेंद्र कुमार, बृजेश कुमार राजपूत, सुधीर कुमार राजपूत, अतुल कुमार रस्तोगी, मनोज कुमार यादव, तेजपाल सिंह, विनोद कुमार यादव, विरेन्द्र कुमार, मोहम्मद अनस, प्रदीप कुमार सिंह, वाजिद हुसैन, नरेश कुमार, जयप्रकाश पटेल, जितेंद्र कुमार, रश्मि चौहान, कुमुद गुप्ता, सुरेन्द्र कुमार, विपिन कुमार आदि मौजूद रहे।

# गन्ने का भाव 600 रुपए प्रति कुंतल करने की मांग

**चांदपुर ( चिंगारी )।** भारतीय किसान यूनियन एकता उगराहां, उत्तर प्रदेश की बैठक में गन्ने का भाव 600 रुपये प्रति कुंतल घोषित किये जाने सहित किसानों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई। इस अवसर पर पुष्कर चौधरी को संगठन का जिलाध्यक्ष बनाया गया।

ग्राम भिड़ियाखेड़ा में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए मंडल अध्यक्ष रवि चौधरी ने कहा कि सरकार सबसे पहले गन्ने का मूल्य 600 रू. प्रति कुंतल घोषित करे। उन्होंने कहा कि जब सरकार चीनी के दाम बढ़ा सकती है और चीनी बाजार में महंगी बिक सकती है, तो गन्ना पैदा करने वाले किसान के गन्ने का मूल्य बढ़ाने में सरकार को परेशानी क्यों है? इसके साथ ही गन्ने का बकाया भुगतान समय पर कराने, खाद-बीज और कीटनाशकों की



कालाबाजारी रोकने, किसानों को पर्याप्त व सस्ती बिजली उपलब्ध कराने तथा फसल खराब होने पर उचित मुआवजा देने की मांग भी की गई। बैठक में नवनियुक्त जिला अध्यक्ष पुष्कर चौधरी, अनिल चौधरी, विकास चौधरी, राजीव चीमा, मास्टर शेर सिंह, संगम तोमर, राजेंद्र सिंह, धर्मपाल सिंह, विशाल तोमर, सुधीर सिंह, नवनीत तोमर, गौरव तोमर, विजेंद्र सिंह, बलराम सिंह, तरुण त्यागी, भूपेंद्र सिंह, लालू तोमर, वाशु तोमर, अमित तोमर आदि किसान मौजूद रहे।

# दसलक्षण महापर्व पूर्ण विधि विधान से आरंभ

**किरतपुर ( चिंगारी )। जैन धर्म का महापर्व दसलक्षण पर्व आज से तीनों जैन मन्दिरों में विधिवत धार्मिक विधि विधान से आरंभ हो गया है। यह पर्व पूर्ण धार्मिक क्रियाओं के साथ 25,9,26 तक मनाया जाएगा।**



क्रोध को छोड़कर क्षमा को ग्रहण करना चाहिए - अनिल जैन

प्रातः बेला में सभी मन्दिरों में जलाभिषेक के बाद विश्व शान्ति कामना के साथ शांति धारा संपन्न हुई। नित्य पूजन के पश्चात दसलक्षण धर्म की विशेष पूजा की गई तथा रात्रि में भजन कीर्तन कर तीर्थंकरों के गुणों का दस दिनों तक गुणानुवाद लगातार किया जाएगा। दसलक्षण धर्म के बारे में अधिक जानकारी देते हुए अनिल जैन ने बताया कि इन दस दिनों में प्रतिदिन आत्मा के गुण को प्रकट किया जाता है। अंतिम दिन मनुष्य की आत्मा कुछ अंशों तक शुद्ध होकर अपने अंतिम लक्ष्य मोक्ष मार्ग की ओर अग्रसर होती है। दशलक्षण धर्म के प्रथम दिन को उत्तम क्षमा के रूप में मनाया जाता है तथा अंतिम दिन उत्तम ब्रह्मचर्य के रूप में मनाया जाता है। क्रोध के अभाव में क्षमा धर्म प्रकट होता है। क्रोध मनुष्य की बुद्धि को भ्रष्ट कर देता है। क्रोध में मनुष्य की अच्छा-बुरा सोचने की शक्ति समाप्त हो जाती है। क्षमा धर्म हमें सिखाता है कि क्रोध को छोड़कर जीवन में क्षमा को गृहण करना चाहिए। उत्तम क्षमा को साधु त्यागी एवम् मुनिराज पालते हैं। साधुजन विपरीत परिस्थिति में क्षमा गुण को नहीं छोड़ते हैं। दसलक्षण पर्व में 21, 9, 26 को सुगंध दशमी व 25, 9, 26 को अनंत चतुर्दशी के साथ तीर्थंकर वासुपूज्य जी का मोक्ष कल्याणक मनाया जाएगा। दसलक्षण पर्व के प्रथम दिन सुरेन्द्र जैन, अनिल जैन, अरविन्द जैन, संजय जैन, सीमेंट वाले सुनील जैन, नीरज जैन, यतेंद्र जैन, रोहित जैन, प्रदीप जैन, कमल जैन, अविनाश जैन, आकाश जैन, गौरव जैन, अंकुर जैन, हनी जैन, सविता जैन, बबीता जैन, रजनी जैन, शालिनी जैन, नीलम जैन, कुमकुम जैन, नैंसी जैन, मंजू जैन, अंजली जैन सहित अनेक श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर धर्म लाभ अर्जित करते हुए अनेक नियम एवम् त्याग दस दिनों तक पूर्णरूप से पालने का स्वतः संकल्प लिया।

# आरआर पब्लिक स्कूल के छात्र रीतिक यादव बने सब इंस्पेक्टर



पूर्व छात्र को बधाई देते प्रणयमनु गुप्ता।

**नूरपुर ( चिंगारी )।** स्योहारा रोड स्थित आरआर पब्लिक स्कूल के छात्र रीतिक यादव का उत्तर प्रदेश पुलिस में सब इंस्पेक्टर के लिए चयन होने पर प्रधानाचार्य प्रणय मनु गुप्ता ने अपनी शुभकामनाएं भेंट कर छात्र के उज्जवल भविष्य की कामना की है। आरआर पब्लिक स्कूल से 12वीं तक की पढ़ाई करने वाले रीतिक यादव का उत्तर प्रदेश पुलिस में सब इंस्पेक्टर के पद पर चयन होने पर गांव व परिवार में खुशी का माहौल है। रीतिक यादव ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता व गुरुजनों को दिया है। मूल रूप से सैदपुर माफी निवासी रीतिक के पिता किसान परिवार से आते हैं और गांव के सरपंच रह चुके हैं। इस अवसर पर स्कूल के चेयरमैन डाक्टर मनुजेंद्र गुप्ता, उपप्रधानाचार्य टीकम सिंह, चंचल कटारिया, नीरज त्यागी, अनुराग शर्मा, संजीव डबास, तरूण गर्ग, अजय चौहान, स्वाति यादव, विरेन्द्र सिंह, कपिल कुमार, जीवन सिंह आदि ने अपनी शुभकामनाएं भेंट कीं।

# गुरुतेग बहादुर पब्लिक स्कूल में हुआ हिन्दी साहित्य समारोह




**नूरपुर ( चिंगारी )।** धामपुर रोड स्थित गुरुतेग बहादुर पब्लिक स्कूल में सोमवार को हिन्दी साहित्य समारोह एवं बाल कवियों का हिन्दी काव्य संकलन नन्हा आसमान का विमोचन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में हिंदी भाषा, साहित्य एवं रचनात्मक अभिव्यक्ति के प्रति रुचि एवं सम्मान की भावना विकसित करना रहा।

समारोह में मुख्यातिथि के रूप में डॉ. दीप्ति डिमरी डीन कॉलेज ऑफ टीचर एजुकेशन, विवेक विश्वविद्यालय बिजनौर, डॉ. साधना प्राचार्या गुलाब सिंह हिंदू पी.जी.कॉलेज चांदपुर एवं ललिता वर्मा समाज सेविका विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। गणेशोत्सव, हिन्दी एवं नारी शक्ति से जुड़े सांस्कृतिक कार्यक्रम से बच्चों ने मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में आकर्षक प्रदर्शनी लगाई गई, जिसमें हिन्दी भाषा की विविधता, साहित्यिक परंपरा एवं सांस्कृतिक समृद्धि को रचनात्मक ढंग से प्रस्तुत किया गया। काव्य संकलन में निर्माण में प्रमुख योगदान गतिविधि प्रभारी अंशुल कुमार का रहा। कवि सम्मेलन में शाल्वी यादव, प्रभसिमरन कौर, संस्कार राजपूत, अवनी यादव, रूद्राक्ष वर्मा, जसप्रीत कौर, अलीजा जिलानी, कनिष्का, सिमरन, मुकुल चौहान, अनु, अपूर्वा चौहान ने काव्य पाठ किया। कार्यक्रम संचालन प्रभसिमरन, जसप्रीत, साल्वी, सिमरन ने किया। बाल साहित्यकारों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

# सपा नेता ने एसडीएम से की वोटर लिस्ट में फर्जीवाड़े की शिकायत



एसडीएम को फर्जी नामों की शिकायत सौंपते हेमंत कुमार।

चिन्हित नामों की सूची भी सौंपी

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** बढ़ापुर वि.स. क्षेत्र से समाजवादी पार्टी से टिकट के दावेदार क्षेत्र के ग्राम शिवपुरी निवासी हेमंत कुमार ने एसडीएम धामपुर से मिलकर उनसे बढ़ापुर वि.स. क्षेत्र की मतदाता सूची में अंकित बहुत से फर्जी नामों की शिकायत की है और उन्हें उन तमाम नामों की सूची सौंपते हुए कार्यवाही की मांग की है। हेमंत कुमार ने बताया कि मतदाता सूची में बहुत से ऐसे नाम हैं, जो कई-कई स्थानों पर अंकित हैं तथा मृतकों तक के नाम भी बरकरार हैं। हेमंत कुमार ने एसडीएम से इस फर्जीवाड़े में दोषी बीएलओ एवं सम्बंधित अधिकारियों, कर्मचारियों के खिलाफ भी कार्यवाही की मांग की है। हेमंत कुमार का कहना है कि लोकतंत्र में चुनाव एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है, जिसका निष्पक्ष व पारदर्शी होना अत्यंत आवश्यक है, इसलिए मतदाता सूची में फर्जी मतदाताओं का हटाया जाना अत्यंत आवश्यक है।

# जीएसटी चोरी का वांछित आरोपी गिरफ्तार

## दो आरोपी पूर्व में ही जा चुके हैं जेल




**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** फरार चल रहे जीएसटी चोरी के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। कोतवाल मृदुल कुमार सिंह ने बताया कि 19/8/2025 को राज्य कर अधिकारी धामपुर अरुण सिंह यादव द्वारा दर्ज कराये गए मुकदमे की विवेचना के दौरान अभियुक्तगण जफर पुत्र असगर व अजमल पुत्र मौ. नबी निवासीगण जसपुर एवं वसीम पुत्र मौ. इकबाल निवासी नई बस्ती काशीपुर (उत्तराखंड) के नाम प्रकाश में आए थे। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि विवेचना के दौरान सुबूतों के आधार पर मुकदमे में कई धाराओं की वृद्धि करते हुए प्रकाश में आए अभियुक्त अजमल व वसीम को पूर्व में ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था, जबकि तीसरे अभियुक्त जफर पुत्र असगर को क्राइम ब्रांच बिजनौर के इंस्पेक्टर राजकुमार सरोज व स्थानीय पुलिस टीम द्वारा अब गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया है।

# व्यापारियों ने रैली निकालकर जनजागरण अभियान चलाया



**नूरपुर ( चिंगारी )।** पश्चिम उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल इकाई नूरपुर ने जनसरोकारों को लेकर नगर में जनजागरण रैली निकाली। इससे पूर्व संगठन की एक बैठक गुरुद्वारा रोड स्थित नगर अध्यक्ष रविंद्र सिंह के प्रतिष्ठान पर हुई, जिसमें व्यापारी हितों की रक्षा के लिए संगठित होने का आह्वान किया। युवा प्रदेश प्रभारी तसलीम अहमद इदरीसी ने नगर क्षेत्र में बढ़ते हुए अवैध नशे के कारोबार पर अंकुश लगाने की मांग की। व्यापारी नेता अजयवीर चौधरी ने क्षेत्र में बढ़ रहे गुलदार के आतंक को कम करने व बढ़ती बिजली कटौती को देखते हुए नूरपुर को ताजपुर फीटर से हटाकर फतेहाबाद फीटर से जोड़ने की मांग की। जिला मंत्री संदीप जोशी ने बढ़ते हुए वायरल फीवर को लेकर स्वास्थ्य विभाग को अलर्ट रहने की अपील की। बैठक की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष सरदार रविंद्र सिंह ने तथा संचालन युवा जिला प्रभारी संदीप जोशी ने किया। बैठक में वरिष्ठ व्यापारी तसलीम अहमद इदरीसी, युवा नगर अध्यक्ष मुकुल गुप्ता, ललवंत सिंह, मयंक चौहान, मनीष चौहान, सुशील ठाकुर, रफी मकरानी, नीटू जोशी, फ़िरोज़ सिद्दीक़ी, करन चौहान, शाहनवाज मलिक, मोहम्मद साहिल, गोविंद सिंह, सलीम इदरीसी, नाजिम सैफी, परविंदर सिंह, विकी, वसीम अंसारी, नवाब इदरीसी, गुणवंत सिंह, क़ारी वाहिद आदि व्यापारी उपस्थित रहे।

# स्कूल से मिड-डे मील, शहर से बाइक चोरी



सीसीटीवी कैमरे में कैद बाइक चोरी की घटना।

**किरतपुर ( चिंगारी )।** प्राथमिक विद्यालय बाहूपुरा की प्रधान अध्यापिका शिवानी पटेल ने थाने में दी गई तहरीर में बताया कि शनिवार व रविवार का अवकाश होने के बाद कल जब सुबह स्कूल का मेन गेट खोला तो देखा ऑफिस व रसोईघर का ताला टूटा पड़ा है और खाना बनाने व खाने का सामान गायब था। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौका मुआयना किया। थानाध्यक्ष ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है, शीघ्र ही खुलासा कर दिया जाएगा। प्रधानाध्यापक शिवानी पटेल ने बताया विद्यालय गांव के बाहर है और क्षेत्र में गुलदार का शोर भी मचा हुआ है। चोरों ने इसी का फायदा उठाया। उधर, नगर के मोहल्ला नवादा के सलीम की बाइक सुपर स्प्लेंडर यू पी 20 ए के 9120 जो अवैस ठेकेदार के घर के बाहर खड़ी थी, कल दोपहर लगभग 2:30 बजे दो चोर चुरा कर ले गए। चोरी की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगालना शुरू कर दिए।

## मौसम में आने लगा बदलाव

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** गांवों में कहावत है कि कृष्ण जन्माष्टमी से रात में जाड़ा जन्म ले लेता है। इसी कहावत के मुताबिक रात के मौसम में परिवर्तन होना शुरू हो गया है। दिन में भले ही धूप काफी तेज हो और गर्मी काफी पड़ रही हो, मगर अर्द्धरात्रि के बाद मौसम में ठंडक आ जाती है। लोगों को ठंडक के कारण कपड़ा ओढ़ना पड़ता है तथा पंखों की स्पीड भी कम करनी पड़ती है। कुछ दिनों बाद रात्रि में गुलाबी ठंड पड़ने लगेगी। हालांकि दिन में अभी तेज धूप निकल रही है। भाद्रपद (भादो) के महीने में धूप तेज ही होती है। भाद्रपद माह की शुरुआत 29 अगस्त को हुई थी तथा इसका समापन 26 सितंबर को होगा। भाद्रपद मास के समापन के साथ दिन के मौसम में भी परिवर्तन होना शुरू हो जायेगा।

# क्लब ने हिन्दी सेवियों को सम्मानित किया



**बिजनौर ( चिंगारी )।** रोटरी क्लब गंगा द्वारा हिंदी दिवस पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसकी अध्यक्षता क्लब अध्यक्ष रो. रेखा अग्रवाल ने एवं संचालन सचिव रो. आदेश भटनागर ने किया। हिंदी दिवस पर चार्टर अध्यक्ष रो. नवीन अग्रवाल ने हिंदी का प्रयोग अधिक से अधिक करने पर जोर दिया। पूर्व अध्यक्ष रो. खगेश् कुमार शर्मा ने कहा कि हिंदी से हमारी पहचान है। तत्पश्चात क्लब अध्यक्ष एवं सभी सदस्यों द्वारा डॉ. रंजना चेतन भटनागर, नेहा शर्मा, रजनी सिंह, सरिता, हेमेंद्र सिंह, को मोमेंटो देकर हिंदी दिवस के लिए पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में गजे सिंह, हितेश कुमार शर्मा, संजीव शर्मा, दिनेश शर्मा, डॉ. हितेश शर्मा, महेश गुप्ता, अनिल शर्मा, तृप्ति शर्मा, शिखा गुप्ता, शालिनी गुप्ता, देवेंद्र चौहान, विमल गुप्ता, मोनिका शर्मा आदि उपस्थित रहे।

चिंगारी
ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा

## प्रेस विज्ञप्ति

गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी जिलाधिकारी महोदया बिजनौर के कार्यालय ज्ञाप संख्या 2023/आलि.प्रशा दिनांक 29.08.2025 के द्वारा प्राधिकृत की गयी समिति की अध्यक्षता में ग्राम फीना परगना बूढ़पुर तहसील चांदपुर जिला बिजनौर में आयोजित होने वाला मेला 'मेला जाहर दीवान' जो लगभग एक माह के लिये आयोजित किया जाता है की नीलामी दिनांक 17.09.2026 को दोपहर 3:00 बजे तहसील सभागार में आयोजित की जायेगी। नीलाम में भाग लेने हेतु बोलीदाता को रू. 02 लाख नगद जमानत जमा करना अनिवार्य होगा। नीलामी/टेण्डर/कोटेशन संबंधित अन्य शर्ते व कार्य का विवरण एवं जमानत को दिनांक 16.09.2026 से दिनांक 17.09.2026 तक अपरान्ह 3:00 बजे तक नजारत कार्यालय तहसील चांदपुर से प्राप्त किया जा सकता है। निर्धारत तिथि एवं समय उपरान्त किसी भी बोलीदाता की नीलामी स्वीकार नहीं की जायेगी।

| खण्ड विकास अधिकारी | अपर मुख्य अधिकारी | तहसीलदार |
|---|---|---|
| नूरपुर | बिजनौर | चांदपुर |

## छात्राओं के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया



**किरतपुर ( चिंगारी )।** सेंट पीटर्स स्कूल में कक्षा 5 से 12 तक की छात्राओं के लिए एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम की मुख्य वक्ता सिस्टर अर्चना (एफसीसी) रहीं, जिन्होंने छात्राओं को किशोरावस्था के दौरान होने वाले शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक परिवर्तनों के प्रति विस्तार से जागरूक किया। उन्होंने बताया कि इस उम्र में लंबाई और वजन में बढ़ोतरी होना, आवाज़ में बदलाव आना, पीरियड्स (मासिक धर्म) की शुरुआत होना तथा शरीर में हार्मोनल बदलाव होना पूरी तरह से स्वाभाविक और प्राकृतिक प्रक्रिया है, इन बदलावों से घबराने या झिझकने के बजाय छात्राओं को इन्हें सहजता से स्वीकार करना चाहिए। विद्यालय प्राचार्या सिस्टर निकिता ने इस उपयोगी सत्र के लिए सिस्टर अर्चना एफ सी सी का आभार व्यक्त किया।

## कैप्टन गहलौत स्कूल में हुई निबंध लेखन प्रतियोगिता

**हल्दौर ( चिंगारी )।** कैप्टन ए.वी.एस.गहलौत पब्लिक स्कूल, हल्दौर में हिंदी दिवस के अवसर पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करते हुए अपनी रचनात्मकता एवं लेखन-कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

लोअर सेक्शन में इस्मायरा प्रथम, अंश द्वितीय तथा इशिता तृतीय रहे। वहीं अपर सेक्शन में अवनी प्रथम, देवांश द्वितीय तथा युक्ति तृतीय स्थान पर रहे। इस अवसर पर विद्यालय के मैनेजर एडवोकेट नवीन कुमार व प्रधानाचार्या शालिनी चौधरी उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए हिंदी भाषा के महत्व पर प्रकाश डाला और बच्चों को हिंदी के प्रति प्रेम एवं सम्मान बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय परिवार ने सभी विजेता विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।



## गन्ना समिति में सर्वे सट्टा प्रदर्शन मेले का आयोजन किया



गन्ना समिति कार्यालय पर सर्वे सट्टा प्रदर्शन मेला का फीता काटकर शुभारंभ करते चेयरमैन चौ. नरेश कुमार।

**हल्दौर ( चिंगारी )।** सहकारी गन्ना विकास समिति हल्दौर में समिति स्तरीय सर्वे सट्टा प्रदर्शन मेले का आयोजन किया गया, जिसमें किसानों ने अपने सट्टे से संबंधित समस्याओं का निस्तारण कराया। मंगलवार को आयोजित मेले का शुभारंभ सहकारी गन्ना विकास समिति हल्दौर के चेयरमैन चौ.नरेश कुमार ने फीता काटकर किया। मेले में गन्ना समिति के सचिव मुकेश कुमार राठी द्वारा अवगत कराया गया कि किसानों की कृषि योग्य भूमि, गन्ना क्षेत्रफल (प्रजापतिवार), बैंक खाता व मोबाइल नंबर आदि में संशोधन हेतु गन्ना विकास विभाग द्वारा सुधार का अंतिम अवसर प्रदान करते हुए 15 सितंबर से 25 सितंबर तक समिति कार्यालय में समिति स्तरीय सर्वे सट्टा प्रदर्शन मेले का आयोजन किया जा रहा हैं। जिसमें क्षेत्र के किसान उपस्थित होकर अपने सट्टे से संबंधित समस्याओं का निराकरण कर सकते हैं। मेले में काफी किसान अपनी समस्या को लेकर पहुंचे। मेले के शुभारंभ के अवसर पर गन्ना समिति की प्रबंध कमेटी के परमेंद्र कुमार, पुष्कर चौधरी, कौशल सिंह, ओम प्रकाश सिंह, परमा सिंह सहित समिति कर्मचारी, परिषद के कर्मचारी एवं चीनी मिल के कर्मचारी उपस्थित रहें।



## राशिफल

### विमल जैन

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता
फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्

**गुरुवार, 17 सितम्बर 2026**

मेष- आज दिन अशुभ, सामयिक कार्यों में निराशा, विवादास्पद मसला उलझने की ओर, पठन-पाठन में अरुचि, वैचारिक, स्थिरता का अभाव, मान-सम्मान में कमी।

वृषभ- निराशा का समापन, लाभ का मार्ग प्रशस्त, बौद्धिक क्षमता का विकास, किसी आयोजन में सम्मिलित होने का सुअवसर, सामाजिक कृत्यों की ओर रुझान, मानसिक शांति।

मिथुन- कठिनाइयों में कुछ कमी, स्वजनों परिजनों के माध्यम से बकाए धन की वसूली, जनकल्याण की भावना जागृत, राजनीतिक गतिविधियों की ओर अभिरुचि, यात्रा सुखद।

कर्क- विचारित कार्यों में प्रगति, जनसम्पत्ति विषयक समला सुलझने की ओर, विशिष्टजनों से सम्पर्क, विवाद समापन पक्ष में, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ।

सिंह- योजना आरम्भ का प्रयास असफल, मित्रों से मतभेद, भौतिक सुख में कमी, जल्दबाजी में लिया गया निर्णय अहितकर, वाद-विवाद में अड़चने, कर्ज से परेशानी।

कन्या- सोचे हुए कार्य पूर्णता की ओर, कार्य व्यवसाय में प्रगति, स्वजनों से अपेक्षित सहयोग, विवादास्पद मसला सुलझने की ओर, आवागम में अनुकूलता, सुसंदेश की प्राप्ति।

तुला- व्यापारिक वातावरण मनोनुकूल, विनियोजित धन का प्रतिफल प्राप्त, जनसम्पर्क का सुयोग, धर्म अध्यात्म के प्रति आस्था, मानसिक शांति, परोपकार की भावना जागृत।

वृश्चिक-दिनशुभ, भाग्योन्नति के नवीन आयाम, सामयिक सिद्धि का प्रयास सार्थक, शुभ कृत्य सम्पन्न, जीवन में सुख शांति का वातावरण, सद्‌विचारों का उदय।

धनु- कार्य व्यवसाय में निराशा, दुरुचार्य में अरुचि, लापरवाही से हानि, परिश्रम के बावजूद प्रगति में संदेह, वाद-विवाद से अड़चने, मानसिक उलझने, सतर्कता अपेक्षित।

मकर- वाकपटुता से कार्य सिद्धि, पारिवारिक उत्तरदायित्व की पूर्ति का प्रयास सफल, विविध पक्षों में अनुकूलता, सुसंदेश की प्राप्ति से हर्ष, लाभ का सुयोग।

कुम्भ- मित्रों-परिजनों से सहयोग, शुभ-भावनाओं के उदय से आत्मिक शांति, दूसरों के आश्वासनों से राहत, जटिल समस्याओं का समाधान, मांगलिक आयोजन सम्पन्न

मीन- इच्छित योजना का शुभारंभ, आर्थिक व्यावसायिक पक्ष में परिश्रम के अनुरूप सफलता, विशिष्ट जनों से सम्पर्क, परोपकार की भावना जागृत, दाम्पत्य सुख।

एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल,
वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन
भोजूबीर, वाराणसी-221002,
मो. : 09335414722




# महंगाई और मस्जिद प्रकरण को लेकर राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

स्योहारा ( चिंगारी )। अखिल भारतीय किसान सभा के पदाधिकारियों ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन खंड विकास अधिकारी को सौंपा।

ज्ञापन में कहा गया कि लगातार बढ़ रही महंगाई से गरीब, मजदूर, किसान और मेहनतकश वर्ग परेशान है। आवश्यक वस्तुओं के दाम बढ़ने से आम आदमी के लिए परिवार का खर्च चलाना मुश्किल हो रहा है। पदाधिकारियों ने संविधान में सभी धर्मों को समान अधिकार मिलने का हवाला देते हुए धार्मिक स्थलों, मकानों और कब्रिस्तानों को तोड़े जाने पर रोक लगाने की मांग की आवश्यक वस्तुओं के दाम कम कर महंगाई पर नियंत्रण, कथित रूप से असंवैधानिक तरीके से तोड़े गए धार्मिक स्थलों व मकानों का पुनर्निर्माण कराने, किसानों को आवश्यकता के अनुसार बिना शर्त खाद उपलब्ध कराने तथा समाज में नफ़रत समाप्त कर भाईचारा बढ़ाने की मांग की गई। इस दौरान मंडल अध्यक्ष इंद्रकुमार शर्मा और मंडल मंत्री इसरार अली सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# घरेलू कलह से तंग आकर जान देनी चाही ज़हर खाकर

स्योहारा ( चिंगारी )। थाना क्षेत्र के ग्राम मलकपुर बुडेरन में मंगलवार की शाम को घरेलू कलह के चलते एक युवक ने जहरीला पदार्थ खा लिया। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में खलबली मच गई। आनन-फानन में युवक को उपचार के लिए सीएचसी ले जाया गया। जानकारी के अनुसार भूपेंद्र (30) पुत्र पप्पू निवासी ग्राम मलकपुर बुडेरन ने घरेलू विवाद के बाद किसी जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत को देखते हुए बेहतर उपचार के लिए हायर सेंटर रैफर किया गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने मामले की जानकारी जुटाते हुए आवश्यक विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस घटना के कारणों की जांच कर रही है। वहीं युवक के जहरीला पदार्थ खाने की खबर से परिवार में चिंता का माहौल बना हुआ है। थाना अध्यक्ष संजय तोमर ने बताया युवक को हायर सेंटर रैफर कर दिया गया है। मामले की जांच चल रही है ।

# स्कूल जा रही छात्रा को घर में खींचने का प्रयास, मुक़दमा दर्ज

स्योहारा ( चिंगारी )। स्कूल जा रही छात्रा से छेड़छाड़ व दोस्त के घर में खीचनें का प्रयास किया। छात्रा ने शोर मचाया तो गांव वाले मौके पहुंचे, जिन्हें देख आरोपी भाग गया। गांव वालों ने परिजनों को सुचना दी। क्षेत्र के एक गांव निवासी ने पुलिस को तहरीर देते हुए आरोप लगाया कि उसकी पुत्री कक्षा 12 की छात्रा है, जब वह स्कूल जा रही थी तो गांव रूपपुर-शाहपुर में कासीम सैफी पुत्र मुन्ने खां ने उसे रोका और अपने दोस्त के घर में खींचने लगा, जिस पर छात्रा ने शोर मचा दिया। शोर सुनकर गांव वालों ने छात्रा को बचाया। आरोपी भाग गया। छात्रा ने बताया कि पहले से ही वह छेड़छाड़ करता था, लेकिन वह डर गयी थी जिसके चलते उसने किसी से कुछ नहीं कहा। परिजनों ने थाने पहुंच तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज करने की पुष्टि करते हुए जल्द ही आरोपी की गिरफ्तारी की बात कही।

# अरे बेशर्म! बछिया के साथ किया अप्राकृतिक कुकर्म

स्योहारा ( चिंगारी )। घोर कलयुग में मानवता को शर्मसार करने वाली घटना ने सभी को झकझोर दिया। एक युवक पर महिला ने बछिया के साथ अप्राकृतिक कुकर्म करने व विरोध पर मारपीट करने का मामला दर्ज कराया। पुलिस ने मामले की जांच करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

गांव निवासी एक महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह पशुपालन कर परिवार की जीविका चलाती है। आरोप है कि सोमवार की रात करीब 2:30 बजे वह घर के पास बंधे पशुओं के समीप सो रही थी। इसी दौरान गांव का रोहित पुत्र चंद्रपाल घर में घुस आया और कथित रूप से उसकी बछिया के साथ अप्राकृतिक कुकर्म करने लगा। महिला के मुताबिक आहट होने पर उसकी नींद खुल गई। उसने आरोपी को मौके पर पकड़कर शोर मचाया। आरोप है कि शोर सुनकर चंद्रपाल व छोटू वहां पहुंचे और महिला के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। बाद में वे रोहित को अपने साथ ले गए। सूचना पर 112 पुलिस भी मौके पर पहुंची। थाना प्रभारी संजय तोमर ने बताया कि महिला की तहरीर के आधार पर रोहित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है ।

# डोज से अधिक दवाई खाने पर हालत बिगड़ी

स्योहारा ( चिंगारी )। थाना क्षेत्र के ग्राम फैजुल्लापुर निवासी यश कुमार ( 17 वर्ष ) पुत्र महेश कुमार की तबीयत खराब रहती है। थाना प्रभारी संजय कुमार तोमर ने बताया कि युवक ने घर पर रखी कई डोज़ दवाई एक साथ खा ली, जिससे उसे बेहोशी आ गई और उसकी तबीयत खराब हो गई। दादा रामप्रसाद ने उसको स्योहारा के सामुदायिक चिकित्सा केंद्र में भर्ती कराया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची युवक को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रैफर कर दिया गया ।

# 32 बोर की अवैध पिस्टल के साथ युवक गिरफ़्तार



स्योहारा ( चिंगारी )। पुलिस ने एक संदिग्ध युवक को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से 32 बोर की पिस्टल और हीरो पैशन प्रो मोटरसाइकिल बरामद की गई है। मंगलवार को चैकिंग के दौरान संदिग्ध युवक को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी में उसके पास से 32 बोर की अवैध पिस्टल बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम जुबैर पुत्र मुनाजिर निवासी ग्राम पट्टी कला घोसीपुरा, थाना स्वार, जनपद रामपुर बताया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर मोटरसाइकिल समेत बरामद हथियार कब्जे में ले लिया। मामले में आयुध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।




# मास्क लगाकर जंगल जायें

## गुलदार से बचने के उपाय बताये

स्योहारा ( चिंगारी )। क्षेत्र में बढ़ती गुलदार की दहशत ने लोगों की नींद उड़ा दी है। वन विभाग गांव-गांव पहुंचकर लोगों को जागरूक कर रहा है। मंगलवार को क्षेत्र के गांव मंडैय्यो में वन विभाग की टीम ने गांव वालों को जागरूक किया। गांव वालों को सम्बोधित करते हुए डिप्टी रेंजर विजय भारत ने कहा कि रात में जंगल अकेले न जाएं, रात को टॉर्च रखें, पशुओं को खुले में बाधने से बचें। गुलदार दिखाई देने पर वन विभाग को अवगत कराएं। जंगल जाने पर सर पर मानवीय मास्क लगाएं, जिससे गुलदार भ्रमित हो सके। वन विभाग द्वारा किसानों को मास्क भी वितरण किए गये। इस दौरान अन्य वनकर्मी व गांव वाले मौजूद रहे।

# कांग्रेस में शामिल हुये भुवनेश खर्कवाल
# सुरेन्द्र नेगी के कार्यों को बताया बेमिसाल



**कोटद्वार (चिंगारी)।** कोटद्वार में पूर्व भाजपा नेता भुवनेश खर्कवाल अपने समर्थकों सहित भाजपा को छोड़कर कांग्रेस में शामिल हो गए। इस अवसर पर नजीबाबाद रोड स्थित एक बारातघर के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेन्द्र सिंह नेगी ने उन्हें कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कराई ।

इस अवसर पर भुवनेश खर्कवाल ने पूर्व कैबिनेट मंत्री की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने कोटद्वार के विकास के लिए जिस तरह से कार्य किया है, वह अपने आप में एक मिसाल है। कहा कि वे उनके साथ पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ खड़े रहेंगे और कांग्रेस की विचारधारा और पूर्व कैबिनेट मंत्री के नेतृत्व में वे अपने साथियों के साथ मिलकर संगठन को मजबूत करने के लिए कार्य करेंगे। कहा कि आने वाले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को मजबूत करते हुए विजयी बनाने के लिए पूरी ताकत के साथ कार्य किया जाएगा। उन्होंने भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प व्यक्त करते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया। पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेन्द्र सिंह नेगी ने भुवनेश खर्कवाल एवं उनके सभी साथियों का स्वागत करते हुए कहा कि कांग्रेस परिवार में नए साथियों का जुड़ना संगठन के लिए उत्साह और मजबूती का विषय है। कहा कि संगठन की असली ताकत कार्यकर्ता होता है और कार्यकर्ताओं की एकजुटता से ही पार्टी को बूथ स्तर तक मजबूत किया जा सकता है। उन्होंने सभी नए साथियों का कांग्रेस परिवार में स्वागत करते हुए, उनके उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। मौके पर सभी ने कांग्रेस को मजबूत करने और आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी को विजय दिलाने के लिए पूरी निष्ठा के साथ कार्य करने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर महानगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मीना बछवाण, पूर्व अध्यक्ष संजय मित्तल, पूर्व राज्य मंत्री विजय नारायण, पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ चंद्रमोहन खर्कवाल, प्रदेश सचिव विजय रावत, सुनील सेमवाल और बृजपाल सिंह नेगी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन शामिल रहे।

## महिला गोष्ठी का आयोजन

**कोटद्वार (चिंगारी)।** विकास विज्ञान समिति की ओर से दुर्गापुर स्थित बाल भारती पब्लिक स्कूल में महिलाओं की गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान महिलाओं को सशक्त करने की दिशा में सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी गई। मुख्य वक्ता सुनीता कोटनाला ने महिलाओं को लखपति दीदी योजना के बारे में जानकारी दी। समाजसेवी गौरव जोशी ने कहा कि नारी सशक्त होगी, तभी देश सशक्त होगा। मौके पर कृषि बागवानी क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर प्रोफेसर चंद्र मोहन को कीर्ति को सम्मानित करने के साथ ही महिलाओं को नारी शक्ति किट प्रदान की गई। इस अवसर पर कृषि समन्वयक अधिकारी दुग्गडा शशि बिंजोला, गिरिराज सिंह रावत, पार्षद सुखपाल शाह और नीलम आर्य सहित अन्य महिलाएं उपस्थित रही।

# कांग्रेस की पूरी दाल ही काली-चमोली




**देहरादून (चिंगारी)।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता और धर्मपुर क्षेत्र के विधायक विनोद चमोली ने कहा कि प्रदेश और देश में सामने आ रहे कांग्रेसी घोटाले कांग्रेस के राजनैतिक भ्रष्टाचार का असली चेहरा है। पूर्व सीएम हरदा के पीए के पास काले धन की बरामदगी और आरोपी पीए के कांग्रेसी चंदा मॉडल वाला बयान से साबित होता है, वहां करप्शन पार्टी की पूरी दाल ही काली है। चमोली ने कहा भ्रष्टाचार को मुद्दा बनाने वाली कांग्रेस की पोल खोल दी। उन्होंने कांग्रेस सरकारों के ऐसे ही एक घटनाक्रम का जिक्र करते हुए कहा, अभी कर्नाटक के अंदर पाया गया कि कांग्रेस के एक मंत्री सतीश के, जो पीडब्ल्यूडी मिनिस्टर हैं। उनके परिवार के पास अथाह संपत्ति ईडी ने जब्त की है और जब उसकी तह में जाया गया तो पता चला कि अफ्रीका तक उनका व्यापार फैला हुआ है। अफ्रीका में इसी भ्रष्टाचार की बुनियाद पर खदान का उद्योग चल रहा है, जो उनके परिजनों के नाम से चल रहा है, उनकी कंपनियां उसमें चल रही हैं। उन्होंने कहा, ऐसा एक घटनाक्रम हमारे उत्तराखंड में भी हुआ है। चंदन सिंह जीना, जो कि पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत के पीएस थे, उनके बहुत करीबी रहे हैं और आज तक उनके करीबी हैं, उनके यहां भी ईडी के छापे पड़े। छापों में जिस तरह से वहां पर चीजें मिली हैं गोल्ड मिला है, कैश मिला है, यहां तक कि विदेशी मुद्रा भी उनके यहां मिली है। और साथ में बहुत कीमती चीजें, जो कि हम लोग सोच भी नहीं पाते हैं, इतनी महंगी चीजें उनके पास मिली हैं। उन्होंने हैरानी जताई कि अब इतना बड़ा करप्शन उत्तराखंड में होता रहा और कांग्रेस मूकदर्शक बनकर देखती रही। और ऐसे में आज जब उसका पर्दाफाश हुआ है, ईडी ने वहां छापे मारे हैं और ये सब चीजें निकली हैं, तो हरीश रावत कहते हैं कि मैं इस्तीफा देता हूं।

# 'साहित्यांचल' ने हिंदी दिवस पर किया कार्यक्रम आयोजित
## हिंदी में सर्वोच्च अंक लाने वाले विद्यार्थी सम्मानित

**कोटद्वार (चिंगारी)।** साहित्यिक संस्था 'साहित्यांचल' की ओर से हिंदी दिवस के अवसर पर सुखरो देवी मंदिर स्थित बीआरसी सभागार में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान उत्तराखंड बोर्ड की हाईस्कूल परीक्षा में हिंदी में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। चयनित छात्रों के बीच हिंदी विषय पर भाषण प्रतियोगिता भी कराई गई। साथ ही साहित्यकार ललन बुड़ाकोटी को उनके तीन हिंदी काव्य संग्रह, 12 गजल संग्रह, विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं के संपादन और विशिष्ट साहित्य सृजन के लिए साहित्यांचल हिंदी रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि अभिषेक भटगांई, अति विशिष्ट अतिथि बीईओ दुगड्डा वर्षा भारद्वाज, विशिष्ट अतिथि आकाशवाणी केंद्र के सेवानिवृत्त केंद्र निदेशक चक्रधर कंडवाल, संस्था के अध्यक्ष चंद्र प्रकाश नैथानी, संरक्षक शिव प्रकाश कुकरेती ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। तत्पश्चात ललन बुड़ाकोटी, चित्रमणि देवलियाल, बीईएल की सेवानिवृत्त राजभाषा अधिकारी माधुरी रावत और बीईएल के पूर्व उप प्रबंधक एवं राजभाषा अधिकारी विमल मोहन सिंह रावत ने हिंदी दिवस और स्वतंत्रता के बाद हिंदी की स्थिति पर विचार रखे। इस मौके पर प्रकाश कोठारी, जेपी ध्यानी, पीसी नवानी, सुरेंद्रलाल आर्य, रोशन बलूनी, कुलदीप मैंदोला, शंकर दत्त गौड़, सुंदरलाल जोशी, सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य जगमोहन सिंह रावत, कांति नेगी मौजूद रहे। संचालन महासचिव शशिभूषण अमोली ने किया।

# ग्राम कोटड़ी में पशु चिकित्सा शिविर लगाया
## पशुपालकों ने 30 पशुओं का उपचार कराया

**कोटद्वार (चिंगारी)।** जनपद पौड़ी गढ़वाल के विकासखंड रिखणीखाल के राजकीय पशु चिकित्सालय कोटडीसैंण के क्षेत्रांतर्गत ग्राम कोटड़ी में मंगलवार को पशुओं की लम्पी स्किन डिजीज की रोकथाम एवं बचाव को लेकर जागरुकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में पशुपालकों को लम्पी स्किन डिजीज के लक्षण, संक्रमण से बचाव एवं रोकथाम के उपायों के साथ ही पशुओं की देखभाल और आवश्यक सावधानियों के संबंध में जानकारी दी गयी। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ विशाल शर्मा ने बताया कि जागरुकता शिविर के साथ ही ग्राम कोटड़ी में पशु चिकित्सा शिविर आयोजित कर पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण एवं आवश्यक उपचार किया गया। शिविर में 30 पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार किया गया। मौके पर उन्होंने पशुपालकों से पशुओं के स्वास्थ्य में किसी भी प्रकार के असामान्य लक्षण दिखाई देने पर तत्काल नजदीकी पशु चिकित्सा केंद्र से संपर्क करने की अपील की।

# जीएमओयू की बैठक में तीन निदेशकों का चुनाव होगा

**कोटद्वार (चिंगारी)।** यातायात कंपनी जीएमओयू की वार्षिक साधारण बैठक का आयोजन 23 सितंबर को होगा। इस दौरान तीन निदेशक पदों के लिए चुनाव भी संपन्न होगा। इन पदों पर आठ उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। कंपनी के संयुक्त सचिव नितिन रावत ने बताया कि वार्षिक साधारण बैठक कंपनी के प्रधान कार्यालय में आयोजित की जायेगी। इस दौरान चुनाव के लिए तय एजेंडे के साथ ही संचालकों का चयन किया जाएगा। बताया कि सोमवार को नामांकन पत्रों की जांच के उपरांत सभी आठ प्रत्याशियों नवीन तिवारी, नितिन रावत, बलराज सिंह रावत, महावीर सिंह रावत, विपिन सिंह चन्द, विवेकानन्द, संदीप अग्रवाल और हनुमंत सिंह के आवेदन सही पाए गए हैं। चुनाव की औपचारिकताएं पूर्ण करने के लिए दिनेश खर्कवाल को संयोजक नियुक्त किया गया है। बताया कि चुनाव के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मतदान और परिणाम की घोषणा बैठक के दौरान ही की जाएगी।

# मुख्यमंत्री धामी पहले अपने पांच साल का रिपोर्ट कार्ड तो दिखाएं - गरिमा मेहरा दसौनी

**देहरादून (चिंगारी)।** उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस की मुख्य प्रवक्ता गरिमा मेहरा दसौनी ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के 'मेरे सपनों का उत्तराखंड' युवा संवाद कार्यक्रम पर तीखा कटाक्ष करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री जी आज युवाओं से उनके सपने पूछ रहे हैं, लेकिन प्रदेश का युवा उनसे पूछ रहा है कि हमारे सपनों को रोजगार में बदलने के लिए आपकी सरकार ने पिछले वर्षों में क्या किया?




गरिमा मेहरा दसौनी ने कहा कि मुख्यमंत्री का युवाओं से सपने पूछना अच्छा लगता है, लेकिन सवाल यह है कि जिस युवा के हाथ में डिग्री है, लेकिन नौकरी नहीं; जो भर्ती परीक्षा की तैयारी में वर्षों लगा रहा है, लेकिन भर्ती प्रक्रिया विवादों में घिर जाती है; जो पहाड़ से पलायन करने को मजबूर है- वह मुख्यमंत्री को अपना सपना बताए या अपनी मजबूरी?

उन्होंने व्यंग्य करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री जी को युवाओं से 'मेरे सपनों का उत्तराखंड' पूछने से पहले 'मेरी सरकार ने उत्तराखंड के युवाओं के लिए क्या किया' नाम से एक संवाद करना चाहिए था। अगर सरकार सच में युवाओं की आवाज सुनना चाहती है तो मंच पर भाषण और सुझाव लेने के बजाय युवाओं के इन सवालों का सीधा जवाब दे।

उन्होंने कहा कि सरकार रोजगार के आंकड़े गिनाकर अपनी पीठ थपथपाती है, लेकिन प्रदेश का युवा जानना चाहता है कि कितने युवाओं को स्थायी और सम्मानजनक रोजगार मिला, कितनी भर्तियां समय पर और पारदर्शी तरीके से पूरी हुईं, कितने पद आज भी खाली हैं और पहाड़ के कितने युवाओं को उनके घर के आसपास रोजगार मिला?

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

## आवश्यकता

पेट्रोल पम्प के लिए मैनेजर-सह-अकाउंटेंट की आवश्यकता है।
योग्यता- टैली (Tally) सॉफ्टवेयर के साथ-साथ दैनिक लेन-देन की समझ
संपर्क सूत्र- सुगन्ध ऊर्जा केंद्र, HP पेट्रोल पम्प, NH 74 मुस्सेपुर, मंडावली ( नजीबाबाद )
मो. 9719021111


# गाली-गलौज और धमकी के आरोपों पर गरजे किसान

## पत्र,निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग



**रायपुर सादात ( चिंगारी )।** नगीना देहात में गाली-गलौज, धमकी और परिवार के साथ अभद्रता के मामले को लेकर सोमवार को भाकियू प्रधान के जिलाध्यक्ष व्यापार प्रकोष्ठ रामोद कुमार के नेतृत्व में सैकड़ों किसान नगीना देहात थाने पहुंचे। किसानों की मौजूदगी में रामोद कुमार ने पुलिस को प्रार्थना-पत्र सौंपकर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। रामोद कुमार ने आरोप लगाया कि गोपाल का पूरा परिवार ईशु मसीह से जुड़ा हुआ है और गांव-गांव जाकर सत्संग के माध्यम से लोगों को प्रभावित करने तथा धर्म परिवर्तन कराने का प्रयास करता है। उन्होंने इन आरोपों की निष्पक्ष जांच कराने की मांग पुलिस से की। हालांकि, धर्म परिवर्तन से संबंधित आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। उन्होंने 13 सितंबर को उनकी बहन और बहनोई के साथ घर में घुसकर मारपीट किए जाने का आरोप है। घटना के बाद बहन रीता देवी की हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल बिजनौर में भर्ती कराया गया। वहीं,15 सितंबर की सुबह फोन पर गाली-गलौज और धमकी दिए जाने का भी आरोप लगाया गया है। थाने पहुंचे किसानों ने मामले में तत्काल कार्रवाई और रामोद कुमार व उनके परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की। इस दौरान भाकियू प्रधान के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चौधरी रोहितास सिंह, जिला प्रभारी शमशाद हुसैन गुर्जर, कलीम अहमद गुड्डू, सुनील, प्रमोद, महबूब, जोनी, मोहम्मद अहसान, शकील, रणवीर निराला समेत सैकड़ों की संख्या में किसान मौजूद रहे।


जय विश्वकर्मा !! श्री विश्कर्मणे नमः!! जय विज्ञान



श्री भगवान विश्वकर्मा जी की जयन्ती एवं 20वीं शोभायात्रा
दिनांक 17 सितम्बर 2026 दिन बृहस्पतिवार
सभा स्थल- एम.डी. डिग्री कॉलेज, निकट चामुण्डा देवी शीतला माता मंदिर रोड, बिजनौर

कार्यक्रम
विश्वकर्मा जी का हवन : प्रातः 8-9 बजे तक
सभा गोष्ठी : प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक
12 बजे से 1 बजे तक मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान
तदुपरांत भोजन, 1 बजे से शोभायात्रा प्रारंभ

मुख्य अतिथि: श्री महेश चन्द शर्मा, ए.डी.ओ., सहायक ग्राम विकास अधिकारी
मुख्य वक्ता: हर प्रसाद शास्त्री, नजीबाबाद
अति विशिष्ट अतिथि: सुन्दरलाल धीमान, अध्यक्ष, राष्ट्रीय धीमान ब्राह्मण सभा खतौली

निवेदक-
संस्थापक एवं संयोजक कृष्ण कुमार धीमान मो. 8534915997
अध्यक्ष रामपाल धीमान मो. 9897714895
महामंत्री संजय धीमान ( जोधूवाला ) मो. 8126193214
कोषाध्यक्ष धर्मवीर धीमान मो. 9927349390
संयोजक राकेश धीमान
एवं विश्वकर्मा सेवा समिति के समस्त सदस्य, बिजनौर



AEONAYURVEDA ईअनआयुर्वेद
योग क्लासेज़
17 सितम्बर से शुरू
प्रातः 6:00 - 7:00 | 7:30 - 8:30
सांयं 6:00 - 7:00 | 7:00 - 8:00
रजिस्ट्रेशन शुरू
+91 97627 71407
आयुर्वेदिक वेलनेस एवं थैरेपी सेंटर
परामर्श • पंचकर्म • योग
श्रीराम हॉस्पिटल के सामने वाली गली, बी-१४, आर्य नगर, नई बस्ती, बिजनौर-२४६७०१



खुल गया! खुल गया!
श्री लाइट
सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।
पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर
बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट
Fybros Fans, Havells Fans, Orient Fans
सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर
मो. 9897024836, 8800092476



Gents Specialist
Suit | Sherwani | Pant Shirt | Fancy Coat | Ladies Coat
CLASSIC TAILORS
9927060150
CLASSIC SHOES
CLASSIC Shoes
M: 9897041426
NIKE | PUMA | SKECHERS | WOODLAND | RED CHIEF | Lee Cooper | campus
Add.: Chahshireen Road, Bijnor



Kajaria TRANSFORM YOUR WORLD
Kajaria Exculsive Showroom
बिल्डर्स व थोक खरीदारों को विशेष छूट
Tiles & Sanitaryware का Exclusive Showroom
DR. FIXIT WATERPROOFING EXPERT
SEELAN BLOCK सीलन ब्लॉक
सभी प्रकार की सीलन से सुरक्षा
TILE O GRIP BONDING CHEMISTRY
8445517265
8791919960
सेंट जौसफ स्कूल के सामने तीमरपुर, रावली रोड, बिजनौर